दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 86 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। बुधवार, 28 जनवरी 2026 । माघ माह, शुक्ल पक्ष दशमी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## जम्मू कश्मीर के सोनमर्ग में एवलांच :किसी के हताहत होने की खबर नहीं



बढ़ता राजस्थान

**सोनमर्ग (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के सोनमर्ग में लगातार जारी बर्फबारी से मंगलवार रात एवलांच आया। एवलांच में फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है लेकिन कई होटलों को नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि हिमस्खलन मंगलवार रात 10.12 बजे मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में सोनमर्ग रिजॉर्ट में हुआ। बचाव टीमों को घटनास्थल पर भेज दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि वे स्थिति पर नजर रख रहे हैं। जम्मू कश्मीर और अन्य पहाड़ी राज्यों में लगातार बर्फबारी जारी है। इसके देखते हुए मौसम विभाग ने एवलांच का अलर्ट जारी किया था।जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने गंदरबल, अनंतनाग, बांदीपोरा, बारामूला, कुलगाम और कुपवाड़ा सहित कश्मीर के ग्यारह जिलों और जम्मू क्षेत्र के डोडा, किश्तवाड़, पुंछ, राजौरी और रामबन के लिए हिमस्खलन की चेतावनी जारी की थी।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- एसिड अटैक पर केंद्र सख्त कानून बनाए

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एसिड अटैक मामलों में दोषियों के कड़ी सजा की जरूरत पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा- जब तक सजा आरोपी के लिए दर्दनाक नहीं होगी, ऐसे अपराध रुकने वाले नहीं हैं। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस आर. महादेवन, जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा- यहां सुधारवादी दंड सिद्धांत की कोई जगह नहीं है। ऐसे मामलों में दहेज हत्या की तरह आरोपी को ही अपनी बेगुनाही साबित करनी पड़ सकती है। बेंच ने कहा कि केंद्र सरकार कानून बदलने पर विचार करे। 4 हफ्ते में सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश एसिड अटैक मामलों से जुड़े आंकड़े दें। इनमें साल दर साल दर्ज मामलों की संख्या, कोर्ट में उनकी स्थिति और पीडि़तों के पुनर्वास से जुड़े कदमों की जानकारी शामिल करे।

### भारत-यूरोपियन यूनियन में 18 साल बाद ट्रेड डील

# इम्पोर्टेड लग्जरी कारों पर टैरिफ 110% से घटकर 10%, प्रीमियम शराब पर 150% की जगह 20% टैक्स

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच 18 साल की लंबी बातचीत के बाद मंगलवार को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हो गया है। भारत और यूरोपियन यूनियन के नेताओं ने मंगलवार को 16वें भारत-ई यू समिट के दौरान इसका ऐलान किया।

न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक इस समझौते को 2027 में लागू किए जाने की संभावना है। इस डील के बाद भारत में इम्पोर्ट होने वाली यूरोपीय कारें जैसे कि बीएमडब्ल्यू मर्सिडीज पर लगने वाले टैक्स को 110प्रतिशत से घटाकर 10प्रतिशत कर दिया जाएगा। इसके अलावा भारत में यूरोप से आने वाली शराब और वाइन पर टैक्स कम हो सकता है। यूरोपीय देशों की शराब पर अभी 150प्रतिशत टैरिफ लगता है। इसे घटाकर 20-30प्रतिशत किया जाएगा।

भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जबकि ई यू दूसरी सबसे बड़ी। दोनों मिलकर वैश्विक जीडीपी का करीब 25प्रतिशत और दुनिया के कुल व्यापार का लगभग एक-तिहाई हिस्सा रखते हैं। मर्सिडीज-बीएमडब्ल्यू की इम्पोर्टेड कारें भारत में सस्ती होंगी भारत में अब यूरोप से इम्पोर्ट होने वाली कारें सस्ती हो जाएंगी। भारत सरकार ने यूरोप से आने वाली कारों पर लगने वाले इम्पोर्ट ड्यूटी को 110प्रतिशत से घटाकर 10प्रतिशत कर दिया है।

हालांकि, सरकार ने इसके लिए 2.5 लाख गाडियों की सालाना लिमिट तय की है। ये फैसला भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का हिस्सा है। हालांकि भारत में मर्सिडीज बेंज और बीएमडब्ल्यू की ज्यादातर पॉपुलर कारें पहले से ही लोकल असेंबली के जरिए बनती हैं। यानी पाट्र्स इम्पोर्ट करके यहां जोडक़र बनाई जाती हैं। इन पर इम्पोर्ट ड्यूटी केवल 15-16.5 प्रतिशत तक लगती है, इसलिए ईयू के साथ एफटीए होने से इनकी कीमत में कोई बड़ा बदलाव नहीं आएगा।

## मोदी बोले- 27 तारीख को 27 देशों के साथ एफटीए

भारत-यूरोपीय फ्री-ट्रेड एग्रीमेंट पर पीएम मोदी ने कहा कि 27 जनवरी को भारत ने यूरोप के 27 देशों के साथ यह स्न्न्र साइन किया है। इससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा, नई इनोवेशन साझेदारियां बनेंगी और वैश्विक स्तर पर सप्लाई चेन मजबूत होगी। यह सिर्फ एक व्यापार समझौता नहीं है, बल्कि साझा समृद्धि का रोडमैप है। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस समझौते के तहत भारत और यूरोपीय संघ मिलकर इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि इस समय दुनिया में वैश्विक व्यवस्था को लेकर उथल-पुथल है, ऐसे में अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार बहुत जरूरी हो गया है। इसके बाद पीएम मोदी ने इंडिया-ईयू बिजनेस फोरम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में व्यापार तकनीक और रेयर खनिजों को हथियार बनाकर इनका इस्तेमाल दबाव बनाने के लिए किया जा रहा है, इसलिए भारत और ईयू को मिलकर अपनी निर्भरता कम करनी चाहिए।

## कोस्टा बोले- गोवा से जुड़ी पहचान मेरे लिए गर्व की बात

यूरोपीय काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने खुद को प्रवासी भारतीय बताया। उन्होंने कहा कि मैं यूरोपीय परिषद का अध्यक्ष हूं, लेकिन साथ ही मैं एक ओवरसीज इंडियन सिटिजन भी हूं। इसलिए, जैसा आप समझ सकते हैं, मेरे लिए इसका एक खास भावनात्मक मतलब है। कोस्टा ने कहा कि मुझे अपनी गोवा से जुड़ी पहचान पर बहुत गर्व है, जहां से मेरे पिता का परिवार आया है। यूरोप और भारत के बीच का रिश्ता मेरे लिए सिर्फ आधिकारिक नहीं, बल्कि निजी भी है।

## उर्सुला बोलीं- एफटीए से 43 हजार करोड़ के टैरिफ कम होंगे

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि इस फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से हर साल करीब 4 अरब यूरो (43 हजार करोड़ रुपए) के टैरिफ कम होंगे और भारत व यूरोप में लाखों लोगों के लिए रोजगार के नए मौके बनेंगे। उन्होंने कहा कि भारत-ईयू फ्री ट्रेड एग्रीमेंट दुनिया को साफ संदेश देता है कि आज की ग्लोबल चुनौतियों का सबसे अच्छा जवाब आपसी सहयोग है, न कि अलग-थलग होकर फैसले लेना।

### जयपुर समेत 13 जिलों में बारिश, बिजली गिरने से 2-मौत

# भीलवाड़ा और सवाईमाधोपुर में बिछी ओलों की चादर, फसलों को भारी नुकसान

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर(का.स.)।** राजस्थान में 5 दिन में दूसरी बार मंगलवार को सीकर समेत 9 जिलों में ओले गिरे। भीलवाड़ा और सवाई माधोपुर में देर शाम ओलों की चादर बिछ गई। जयपुर सहित 13 जिलों में बारिश हुई। बिजली गिरने से सीकर और कोटा में एक महिला और एक युवक की मौत हो गई।

वहीं, अलवर में एक मकान में आग लग गई। इधर, कोटा के रामगंज मंडी में तेज बारिश में लाखों रुपए की धनिया की फसल बह गई। मौसम विभाग के अनुसार आंधी-बारिश का दौर रुकने के बाद दो दिन कोहरा रहेगा। इसके बाद 31 जनवरी से 1 फरवरी के बीच एक और नया वेदर सिस्टम एक्टिव होने से बारिश हो सकती है।

कोटा में बारिश के दौरान बिजली की लाइन से फैला करंट घरों तक पहुंच गया। करंट की चपेट में आने से 24 साल के युवक की मौत हो गई।

फिर ओले गिरे, बोरियों में भरी धनिया खराब

जयपुर, कोटा, सवाई माधोपुर, सीकर, अलवर, हनुमानगढ़, चूरू, कोटा में रुक-रुककर बरसात हुई। साथ ही नीम का थाना (सीकर), रैणी (अलवर), नोहर (हनुमानगढ़) और मंडाना (कोटा), सवाई माधोपुर के टोडरा फलौदी में 5 से 10 मिनट तक ओले भी गिरे।

खेतों और मंडी में पानी भरने से फसलों को भी नुकसान हुआ। रामगंज मंडी में तेज बारिश के बीच धनिया की फसल से भरी बोरियां पानी में डूब गईं।

कुछ बोरियां बह भी गईं। वहीं, सीकर में एक महिला पर बिजली गिर गई। हॉस्पिटल ले जाने के दौरान 40 साल की महिला की मौत हो गई।

कोटा के मंडाना में भी बिजली गिरने से 25 साल के युवक की मौत हो गई। वहीं, अलवर के राजगढ़ में बिजली गिरने से एक मकान की दीवार टूट गई। इलेक्ट्रिक उपकरण जल गए।

राजस्थान में पांच दिन में दूसरी बार बारिश और ओले गिरने से ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार बारिश का यह दौर जारी रह सकता है।

28 जनवरी को घना कोहरा, 31 से फिर बारिश की संभावना

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- 28 और 29 जनवरी को प्रदेश के कई जिलों में घना कोहरा छाएगा और कई जगह सर्द हवा चलेगी। 31 जनवरी से एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। इसके असर से प्रदेश में 31 जनवरी और 1 फरवरी को बादल छा सकते हैं और कहीं-कहीं बारिश भी हो सकती है।

## राजस्थान के बजट की तारीख तय:विधानसभा का सत्र आज से

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर(का.स.)।** राजस्थान का बजट 11 फरवरी को विधानसभा में पेश होगा। हालांकि तारीख पर आखिरी फैसला विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति की बुधवार को होने वाली बैठक में किया जाएगा। विधानसभा से जारी बुलेटिन के मुताबिक इसकी तैयारियां चल रही है। विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत 28 जनवरी को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के अभिभाषण के साथ होगी। राज्यपाल का अभिभाषण खत्म होने के आधे घंटे बाद विधानसभा की कार्यवाही शुरू होगी। इसमें विधायक संबंधी काम निपटाने के बाद दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि भी दी जाएगी। इसके बाद गुरुवार तक कार्यवाही स्थगित रहेगी।

## इस्तीफा देने वाले बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट हाउस अरेस्ट:शंकराचार्य के सपोर्ट पर सस्पेंड किया, डीएम से मिलने पहुंचे तो एंट्री नहीं दी

बढ़ता राजस्थान

**बरेली (एजेंसी)।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान में इस्तीफा देने वाले बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट को हाउस अरेस्ट किया गया है। अलंकार अग्निहोत्री ने गेट के अंदर ही खड़े होकर मीडिया से कहा- मुझे सरकारी आवास से बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा। एडीएम कंपाउंड में मिनी जेल के तौर पर रखा गया है। 3 बजे के बाद मुझे किसी अज्ञात स्थान पर ले जाया जा सकता है।

अफसर ने कहा 'हमारे संपर्क में कुछ सवर्ण अधिकारी हैं, जिनसे मुझे ये जानकारी मिली है। हमारे फोन और जो हमारे संपर्क में अधिकारी हैं। उन सभी के नंबर सर्विलांस पर लगा दिए गए हैं।' इससे पहले शासन ने अलंकार को इस्तीफा देने पर सस्पेंड कर दिया था। उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। हालांकि, अब तक इस्तीफा मंजूर नहीं हुआ। माना जा रहा कि जांच पूरी होने के बाद ही सरकार इस्तीफा स्वीकार करेगी। फिलहाल, अग्निहोत्री को शामली अटैच किया गया है। बरेली कमिश्नर को मामले की जांच सौंपी गई है। मजिस्ट्रेट से सरकारी गाड़ी वापस ले ली गई है। वह मंगलवार सुबह 11 बजे डीएम से मिलने कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया। वे 2 घंटे बाहर धरने पर बैठे रहे। सुबह से वे दो बार कलेक्ट्रेट से आवास जा चुके हैं।

### देशभर में यूजीसी के नए नियमों का विरोध

## यूपी में सवर्ण सांसदों को चूड़ियां भेजीं, सुप्रीम कोर्ट में याचिका; सरकार बोली- कोई भेदभाव नहीं होगा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में जनरल कैटेगरी के स्टूडेंट्स और सवर्ण जाति के लोगों का यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन के नए नियमों को लेकर विरोध तेज है। मंगलवार को नई दिल्ली में यूजीसी हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ाई गई। प्रदर्शनकारियों को कैंपस के अंदर घुसने से रोकने के लिए बड़ी संख्या में बैरिकेडिंग की गई। उत्तर प्रदेश के लखनऊ, रायबरेली, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज और सीतापुर में छात्रों, युवाओं और कई संगठनों ने जगह-जगह प्रदर्शनों में हिस्सा लिया। रायबरेली में भाजपा किसान नेता रमेश बहादुर सिंह और गौरक्षा दल के अध्यक्ष महेंद्र पांडेय ने सवर्ण सांसदों को चूडिय़ां भेजी हैं। यूपी में बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने नए नियमों के विरोध में इस्तीफा दे दिया। त्रष्ट के नए नियमों को लेकर कुमार विश्वास ने तंज कसते हुए।

### बजट सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक

# 35+ पार्टियों के सांसद शामिल, सरकार का वी बी-जी राम-जी कानून पर चर्चा से इनकार; 28 जनवरी से शुरू होगा सेशन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद के बजट सत्र से पहले सरकार ने विधायी और अन्य एजेंडों पर चर्चा करने के लिए मंगलवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में 35+ पार्टियों के सांसद शामिल हुए। इस दौरान बजट सत्र को सकारात्मक और सुचारू रूप से चलाने को लेकर चर्चा हुई।

बजट सत्र 28 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के साथ शुरू होगा। केंद्रीय बजट 1 फरवरी को पेश होगा। इस दिन रविवार है।

ऑल पार्टी मीटिंग के बाद किरेन रिजिजू ने विपक्ष के विधायी एजेंडा शेयर नहीं करने के आरोप पर कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद सरकार अपना एजेंडा शेयर करती है। विपक्ष को बोलने की आजादी है, लेकिन सुनना भी जरूरी है। उन्होंने मनरेगा की जगह लाए गए वी बी-जी राम-जी कानून पर चर्चा की मांग खारिज कर दी।

### मीटिंग के बाद विपक्षी सांसदों की प्रतिक्रिया-

शिवसेना एमपी अरविंद सावंत- सभी ने अपने-अपने राज्यों के हिसाब से अपनी मांगें रखी हैं। प्रदूषण, एसआईआर बढ़ती बेरोजगारी जैसे कई मुद्दे हैं और भी बहुत कुछ।

समाजवादी पार्टी एम पी राम गोपाल यादव- इस बजट से किसी को कुछ नहीं मिलने वाला है। बजट उन्हीं के लिए है जिनके पास संपत्ति है। आप एमपी संजय सिंह- मैंने यह बात उठाई कि सरकार फॉरेन पॉलिसी पर पूरी तरह फेल रही है, चाहे वह बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार हों या यूएस द्वारा लगातार प्रधानमंत्री को बेइज्जत करने का मामला हो। इन सभी मुद्दों पर चुप्पी देश में चिंता पैदा कर रही है। मैंने शंकराचार्य का मुद्दा भी उठाया, कैसे प्रयागराज में उनका अपमान किया गया। मैंने एसआईआर का मुद्दा भी उठाया, और एसआईआर के नाम पर कितने वोट डिलीट किए गए।



### ऑल पार्टी मीटिंग में विपक्ष की मांग

भारत यूरोपियन संघ के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर चर्चा हो। ओडिशा में संकट में फंसे किसान और बीजेपी शासित राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चर्चा हो।

16 साल से कम उम्र के लोगों के लिए सोशल मीडिया बैन पर बिल लाया जाए।

### बजट सत्र के दौरान इन बिलों पर हो सकती है चर्चा

लोकसभा में 9 विधेयक लंबित हैं, जिनमें विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक 2025, प्रतिभूति बाजार संहिता 2025 और संविधान (129वां संशोधन) विधेयक 2024 शामिल हैं। इन विधेयकों की वर्तमान में संसदीय स्थायी या प्रवर समितियां जांच कर रही हैं।

बजट सत्र से जुड़े नॉलेज फैक्ट

2026-27 का बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का लगातार नौवां बजट होगा। वित्त मंत्री 7.4त्न विकास दर और अनिश्चित जियो पॉलिटिक्स के बीच 1 फरवरी को लोकसभा में बजट पेश करने वाली हैं। यह मोदी 3.0 सरकार का तीसरा पूर्ण बजट होगा।

बजट सत्र के दौरान लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के लिए अस्थायी रूप से तीन दिन (2 से 4 फरवरी) तय हैं। 28 जनवरी और 1 फरवरी को कोई शून्यकाल नहीं होगा।

बजट सत्र का 2 अप्रैल तक चलेगा। इस अवधि में इंटरसेशन ब्रेक भी होगा। बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी तक निर्धारित है, जबकि दूसरा चरण 9 मार्च से 2 अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र में 30 बैठकें होंगी।

### कांग्रेस ने भी बुलाई स्ट्रैटजी ग्रुप की मीटिंग

सर्वदलीय बैठक से पहले कांग्रेस ने भी बजट सत्र की रणनीति पर चर्चा करने के लिए संसदीय दल के स्ट्रैटजी ग्रुप की मीटिंग बुलाई है। यह मीटिंग मंगलवार को सीपीपी चेयरपर्सन सोनिया गांधी के घर पर होगी। कांग्रेस एमपी मणिकम टैगोर ने कहा कि मीटिंग में वोट चोरी, एसआईआर किसानों के धान की खरीद इन सभी मुद्दों पर चर्चा होगी।

## गणतंत्र दिवस पर पशुपालन विभाग में पावटा की चमक-तीन अधिकारी सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** राज्यभर में 77वाँ गणतंत्र दिवस पशुपालन विभाग द्वारा गरिमामय ढंग से मनाया गया। राजधानी जयपुर में आयोजित मुख्य समारोह में संयुक्त निदेशक डॉ. हनुमान सहाय मीणा व निदेशक डॉ. सुरेश चंद मीणा ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पावटा क्षेत्र के तीन अधिकारियों को सम्मानित किया। नॉडल अधिकारी पावटा डॉ. पुष्पेंद्र सराधना, प्रागपुरा उपकेन्द्र में सेवारत पशुधन निरीक्षक संजय कुमार शर्मा एवं भैंसलाना उपकेन्द्र के पशु चिकित्सा पशुधन निरीक्षक जयराम यादव को मूमेंटो व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पावटा का नाम रोशन किया। अधिकारियों ने कहा कि पावटा क्षेत्र में पशुपालन व टीकाकरण कार्य अनुकरणीय हैं। समारोह में शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने ध्वजारोहण कर कहा कि गणतंत्र दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि संविधान, लोकतंत्र व कर्तव्यबोध का प्रतीक है। उन्होंने लोकसेवकों को ईमानदारी व सेवा भावना से कार्य करने को सच्ची देशभक्ति बताया। कार्यक्रम में विभागीय उत्कृष्ट कर्मियों को भी पुरस्कृत किया गया। बड़ी संख्या में अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा बढ़ाई।



## 'विश्वास रखेंगे तो प्रभु कभी निराश करेंगे'



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** आबूरोड में मसीह समुदाय की ओर से होली नेम ऑफ जीसस गिरजाघर का शताब्दी समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान धर्मप्रांत के बिशप जॉन कार्वाल्हो ने कहा कि जिस तरह लोहा जब चुंबक को पकड़ता है जो उसे अलग करना मुश्किल हो जाता है। बाद में थोड़ी देर के लिए यह भी चुंबक का काम कर सकता है। इसी तरह प्रभु के साथ जुड़ाव रखने पर हम भी अपने पापों का प्रायश्चित कर सकते हैं। परमात्मा पर विश्वास रखने वाला हमेशा ही आगे बढ़ता है। प्रभु पर हमेशा ही आशा रखनी चाहिए वे हमें कभी निराश नहीं करेंगे। फादर जोजो ने धर्म प्रांत अध्यक्ष का पुष्प माला से स्वागत कर श्रद्धालुओं को आशीर्वचन कहे।

**फूलों व रोशनी से की सजावट:** समारोह के उपलक्ष्य में गिरजाघर में कई धार्मिक आयोजन हुए। फूलों व रोशनी से आकर्षक सजावट की गई। समारोह में अजमेर धर्म प्रांत के धर्म अध्यक्ष बिशप स्वामी समेत विभिन्न धर्म प्रांत के 35 गिरजाघर के पल्ली पुरोहित एवं श्रद्धालुओं ने शिरकत की। युवाओं ने पवित्र बाइबिल का वाचन किया। यूखरिस्ट अनुष्ठान के दौरान आराधना व प्रार्थना की गई।

## नूडल्स की आड़ में शराब तस्करी, कंटेनर पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** आबूरोड रीको थाना पुलिस ने गुजरात जा रही शराब की अवैध खेप जब्त की है। शराब भरा कंटेनर मावल के समीप नाकाबंदी में पकड़ लिया गया। इसमें नूडल्स के कर्टन भरे हुए थे। इसकी आड़ में शराब तस्करी की जा रही थी। थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह चम्पावत ने बताया कि 26 जनवरी की रात नाकाबंदी के दौरान एक कंटेनर की जांच की गई। इसमें नूडल्स के कर्टन भरे हुए थे। संदेह होने पर कंटेनर की सघन तलाशी ली गई, जिस पर अंदर शराब के कर्टन बरामद हुए। कंटेनर में हरियाणा निर्मित शराब के दो सौ कर्टन भरे हुए थे, जो पुलिस ने जब्त कर लिए। साथ ही खरखरी-लोहारू (भिवानी-हरियाणा) निवासी जयदीप पुत्र महावीरसिंह जाट को गिरफ्तार कर लिया।

## रोहिड़ा में आरओ प्लांट सीज

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** रोहिड़ा में अवैध भूजल दोहन के आरोप में आरओ प्लांट को सीज कर दिया गया। कार्रवाई पिण्डवाड़ा उपखण्ड अधिकारी नरेन्द्र जांगिड़ के आदेश पर की गई है। बताया कि रोहिड़ा में संचालित मै.कावेरी गंगा आरओ को अवैध भूजल का दोहन करने के सबंध में दस्तावेज मांगे गए थे। निर्धारित समयावधि में न तो दस्तावेज प्रस्तुत किए गए और न प्रत्युत्त दिया गया। ऐसे में मंगलवार को आरओ प्लांट सीज करने की कार्रवाई की गई। तहसीलदार शंकरलाल परिहार, जलदाय विभाग के भूराराम, सुजान देवासी समेत पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।

## समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** मांकरोड़ा में एकल अभियान अंचल की आचार्य बैठक हुई। इसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। कृष्णगंज संच की बैठक में संभाग सचिव रेवाशंकर रावल ने कहा लीडर के रूप में कार्य करने की हिदायत दी। कहा कि इससे छात्रों में भी लीडरशिप की भावना बढ़ती है। अपने-अपने विद्यालय में लीडर के रूप में कार्य करने और समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। संभाग गतिविधि प्रमुख मुकेश मकवाना ने ऑनलाइन उपस्थिति की जानकारी दी तथा आचार्यों से विद्यालय ग्राम में मन लगाकर कार्य करने का आह्वान किया। पिछले माह किए गए कार्यों की समीक्षा भी की गई। महिला ग्राम समिति की ओर से उपहार वितरित किए गए। संच समिति सदस्य अचलाराम, ग्राम समिति सदस्य भरत रावल समेत कई लोग मौजूद रहे।



## संस्कृत उच्च प्राथमिक विद्यालय वार्ड नंबर 28 में आज 77 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** अनूपगढ़ के वार्ड नंबर 28 में संस्कृत उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस धूमधाम मनाया गया इस अवसर पर स्कूली छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का परिचय देकर सब का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चों ने चार चांद लगा कर सब का मन मौह लिया।

### पावटा में 77वाँ गणतंत्र दिवस धूमधाम से मना

# गणतंत्र अधिकारों-कर्तव्यों का पर्व एवं संविधान की रीढ़ डॉ. अंबेडकर-विधायक धनकड़

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** उपखंड मुख्यालय पावटा में सोमवार को 77वाँ गणतंत्र दिवस राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में राष्ट्रीय उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया तथा मार्च पास्ट की सलामी ली। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, हंश महाविद्यालय, राजकीय सीनियर स्कूल, रॉयल एकेडमी, सन राइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय, स्काउट दल सहित अन्य इकाइयों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत कर दर्शकों की वाहवाही लूटी। सांस्कृतिक मंच पर बच्चों ने देशभक्ति, लोकनृत्य और स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं। बड़ी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक और छात्र मैदान में उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक कुलदीप धनकड़ ने कहा कि गणतंत्र केवल उत्सव नहीं, बल्कि संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों, कर्तव्यों और समान अवसरों का राष्ट्रीय पर्व है। उन्होंने कहा भारत का संविधान हमें न्याय, स्वतंत्रता और समानता का मजबूत आधार देता है। हमारे गणतंत्र और संविधान की रीढ़ भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर हैं, जिनकी दूरदर्शिता और सामाजिक न्याय की सोच से ही नया भारत खड़ा है। उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा ने राज्यपाल का संदेश वाचन किया। विरांगनाओं, शिक्षकों और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों का सम्मान किया गया। हालांकि सम्मान वितरण के दौरान कुछ सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ताओं द्वारा बार-बार मंच पर जाकर अधिकारियों के साथ फोटो खिंचवाने की घटनाएँ चर्चा में रहीं। लोगों ने इसे 'राजनीतिक शिष्टाचार और प्रशासनिक मर्यादा की अनदेखी' बताया। इसी प्रकार प्रागपुरा कस्बे के पीएम श्री महात्मा गांधी विद्यालय में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य विपिन कुमार मामोडिया ने की। प्रधानाचार्य मामोडिया ने कहा गणतंत्र दिवस केवल ध्वजारोहण नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में राष्ट्रभावना, जिम्मेदारी और अनुशासन की प्रेरणा का दिवस है। विद्यालय का लक्ष्य बच्चों को उत्कृष्ट नागरिक बनाना है। विद्यालय के छात्रों ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, कविताएँ और मूक अभिनय प्रस्तुत कर सभी को भावुक किया। 'विविधता में एकता' पर आधारित प्रस्तुति विशेष आकर्षण रही। इस दौरान तहसीलदार लोकेंद्र मीणा, नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी फतेह सिंह मीणा, बीईईओ धर्मवीर जिंदोलिया, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी गेंदालाल, विकास अधिकारी सुशिला यादव, सीडीपीओ संगीता यादव, बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामनिवास यादव, पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल, प्रागपुरा जीएसएस अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष बद्री प्रसाद चौहान, व्याख्याता धोलाराम यादव, रामजीलाल गुर्जर, निखिल गुप्ता, सुभाष चंद स्वामी, मालाराम यादव, गोपाल अग्रवाल सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## गांव पंडितावाली के राजकीय विद्यालयों में बड़ी धूमधाम से मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** अनूपगढ़ पीलीबंगा उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पण्डितांवाली में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मुकेश कुमार द्वारा की गई, मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत प्रशासक कुलदीप जाखड़, विशिष्ट अतिथि विक्रम जाखड़, लालचंद उपाध्याय, सुरेंद्र कुमार जगंला,नरसाराम जाखड़ थे, इस समारोह में शानदार पीटी परेड व देश भक्ति भावना से ओत-प्रोत -सामाजिक सद्भावना विविधता में एकता को लेकर से संबंधित कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई, इसी कड़ी में ग्राम के शहीद भूपेंद्र सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किए गए 77 वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य मेहमानों के रूप में ग्राम पंचायत पंडितावाली प्रशासक कुलदीप जाखड़, प्रधानाचार्य मनोज कुमार,उपस्थित थे जिनके द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित किया जाकर और ध्वजारोहण के बाद परेड का निरीक्षण किया गया, छात्र-छात्राओं ने इस दौरान परेड, मार्च पास्ट और व्यायाम का प्रदर्शन किया तथा इसके पश्चात शुरू हुए इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति , सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई, इस समारोह में मंच पर भामाशाहों, विद्यालय परिवार व ग्रामीणों द्वारा प्रतिभाओं को सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में प्रभुदयाल जाखड़, संजय जाखड़, नेतराम जाखड, भूपगिर गोस्वामी, महावीर धानक, अंकुश जाखड़, कृष्ण लाल मान, हंसराज जाखड़, पृथ्वी राज जाखड़, मगलूराम जंगला, मनीराम सुथार, महावीर जाखड़, संदीप पारीक, जीतराम भाकर, हरीकृष्ण जोशी, उग्रसेन गोदारा, सुभाष चन्द्र जाखड़, राहुल जाखड़,काफी संख्या में ग्रामवासी एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।



## सरल ब्लड सेंटर द्वारा 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** सरल ब्लड सेंटर द्वारा सेटर पर 77 वां गणतन्त्र दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। संस्था अध्यक्ष एवं सरल परिवार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संयम सिंघवी द्वारा विभिन्न रक्तदाता संस्था के प्रतिनिधिगण, कई स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारीगण, पत्रकारगण, संस्था परिवार सहित उपस्थित सभी अतिथियों मित्रबंधुओं और शुभचिंतकों का स्वागत किया। सिंघवी ने इसके साथ ही ब्लड सेंटर सेवाओं से हाल ही जुड़े ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ नरेंद्र मोगरा एव मेडिकल ऑफिसर डॉ आर एस त्रिपाठी का सभा में विशेष रूप से अभिवादन किया। तत्पश्चात डॉ.संजय शर्मा ने संस्था के नाम अनुरूप 'सरल' शब्द की सेवारूप से सुंदर व्याख्या की। प्रख्यात कवि प्रकाश नागौरी ने राष्ट्रप्रेम पर रचना सुना कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में डॉ जिनेंद्र शास्त्री का प्रेरणात्मक उद्बोधन और संस्था के प्रति आत्मीयता भरा उद्बोधन विशेष रहा। इस अवसर पर सी.पी. चित्तौड़ा द्वारा संविधान पर तैयार सूक्ष्म पुस्तिका का विमोचन किया गया। मानद सचिव सीए डॉ श्याम एस सिंघवी ने कहा कि जीवन चाहे विद्यार्थी या व्यावसायिक जीवन या सामाजिक सरोकार का हो, इसमें सबसे महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि सर्व प्रथम हम हमारा लक्ष्य तय करें और उसे पूरा करने के प्रति समर्पित रहे। उन्होंने कहा कि स्वप्न वे नहीं जो नींद देखे जाते हों वरन् स्वप्न वे होते है सो सोने नहीं देते है। सभी बंधुओं को विगत वर्षों से निरंतर उपस्थिति के लिए संस्था की और से कृतज्ञता प्रकट की।



## नेशनल खेलकर लौटे क्रिकेटर का किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** राज्य टीम में नेशनल खेलकर आए सिरोही के क्रिकेटर सलीम खान का यहां गर्मजोशी से स्वागत किया गया। समारोह जिला टेनिस क्रिकेट संघ एवं सुपर लीजेंड की ओर से आयोजित किया गया। आयोजन समिति के अनुसार टेनिस क्रिकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया व महाराष्ट्र टेनिस क्रिकेट खेल संघ के तत्वावधान में नागपुर में 36वें राष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता हुई। इसमें सिरोही के सलीम खान राजस्थान टेनिस क्रिकेट खेल संघ की ओर से सम्मिलित हुए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उन्होंने दिल्ली टीम को हराने में बेहतरीन भूमिका निभाई। उत्तरप्रदेश के विरुद्ध दो ओवर में तीन विकेट का योगदान दिया। प्रतियोगिता से लौटने पर खेल प्रेमियों ने स्वागत किया। इस दौरान हॉकी राजस्थान के उपाध्यक्ष रणजी स्मिथ, मनोज पुरोहित, क्रिकेटर शैतानस्वरूप मीणा, जिला टेनिस क्रिकेट संघ के दिलकश, भरत धवल, आबिद खान, चंद्रपालसिंह, यशपालसिंह, गोविंदसिंह देवड़ा, वसीम खान, ऋतिकसिंह देवड़ा मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिले का बढ़ा गौरव

### बीएलओ जितेन्द्र दीक्षित राज्य स्तर पर सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती और मतदाता जागरूकता के प्रति प्रतिबद्धता को सम्मानित करते हुए 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में भव्य राज्य स्तरीय समारोह के रूप में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से चयनित उत्कृष्ट कार्मिकों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कोटपूतली-बहरोड़ जिले की विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के भूरीभड़ाज निवासी बीएलओ जितेन्द्र दीक्षित को स्ढ्रक्र कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य एवं 100त्न डिजिटाइजेशन उपलब्धि के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य स्तर पर सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में महामहिम राज्यपाल हरिभाउ बागड़े मुख्य अतिथि रहे। उनके साथ मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान नवीन महाजन, मुख्य सचिव वी. निवास, मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह, विशिष्ट अतिथि जयपुर संभागीय आयुक्त सुश्री पूनम, तथा जयपुर जिला कलेक्टर जितेन्द्र सोनी मंचासीन रहे। सुपरवाइजर मालाराम यादव ने बताया कि भाग संख्या 23 में बीएलओ जितेन्द्र दीक्षित का कार्य विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदेशभर से चयनित आठ सुपरवाइजरों के साथ ही दीक्षित को सम्मानित किया गया। बीएलओ जितेन्द्र दीक्षित के सम्मानित होने पर सुपरवाइजर मालाराम यादव, मनोज कुमार यादव, जयप्रकाश यादव, जितेन्द्र यादव, धर्मपाल यादव, दामोदर शर्मा सहित क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की।




# सुरधना कल्चरल क्लब ने एकता और विविधता की भावना के साथ मनायें दो उत्सव

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** सुरधना कल्चरल क्लब द्वारा एकता व विविधता की भावना के साथ गणतंत्र दिवस एवं वसंत पंचमी के उपलक्ष्य में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की थीम 'एकता में विविधता' रही, जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सजीव रूप में प्रस्तुत करती नजर आई।

कार्यक्रम में बच्चों द्वारा भारत के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत करते हुए मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियाँ दी गईं। रंग-बिरंगे परिधानों, लोक संगीत और भावपूर्ण अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और देश की विविधता में एकता के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। क्लब के सदस्यों ने देशभक्ति गीतों एवं लोकप्रिय बॉलीवुड गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ देकर पूरे वातावरण को राष्ट्रप्रेम, उल्लास और उमंग से भर दिया। संगीत और गायन ने कार्यक्रम की थीम को और अधिक सशक्त बनाया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विलास जानवे व किरण जानवे थे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान क्लब की अध्यक्ष श्रीमती झूमुर ने चार नए सदस्यों का स्वागत एवं सम्मान किया और उन्हें सुराधना परिवार से जुडऩे पर शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सुरधना एक परिवार-आधारित सांस्कृतिक क्लब है, जिसका उद्देश्य समाज में संगीत, खुशी और सकारात्मकता फैलाना है। उन्होंने विभिन्न रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को क्लब से जुडऩे और मिलकर आगे बढऩे का आह्वान भी किया। कार्यक्रम का समापन उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसने सांस्कृतिक एकता, रचनात्मक अभिव्यक्ति और सामाजिक सद्भाव के प्रति सुरधना कल्चरल क्लब की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से दर्शाया।



## महावीर जैन विद्यालय संस्थान ने मनाया 77 वां गणतन्त्र दिवस समारोह

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** हिरण्धमगरी से. 4 स्थित महावीर जैन विद्यालय संस्थान ने विद्यालय परिसर में 77 वाँ गणतन्त्र दिवस समारोह समारोहपूर्वक मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. हिम्मत लाल वया, विशिष्ठ अतिथि अरूण कुमार बया, चंचल माण्डावत, कुसुम कोठारी थे। अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती हेमलता जैन ने की। हिम्मतलाल वया द्वारा ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न देश-भक्ति की कविता, पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। अतिथियों द्वारा वर्ष भर में सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को पारितोषित प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** देश के 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर उपखंड के विभिन्न विद्यालयों में झंडारोहण कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में डॉ. अभिलाष मीणा (प्रदेश महासचिव, चिकित्सा प्रकोष्ठ) ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और तिरंगा फहराकर राष्ट्र को नमन किया। **कार्यक्रम की मुख्य झलकियां :** डॉ. मीणा ने पीपीएस स्कूल और केजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सहित कई शिक्षण संस्थानों में आयोजित समारोहों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए डॉ. अभिलाष मीणा नेःकमलेश सैनी (प्रिंसिपल, पीपीएस स्कूल)धर्मेंद्र बंसल जी (प्रिंसिपल, केजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल) का विशेष आभार व्यक्त किया और उनके शिक्षण संस्थान द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।इस अवसर पर किशन बंसल (वरिष्ट प्रवक्ता, कांग्रेस)अमर सिंह गुर्जर (उपाध्यक्ष,चिकित्सा प्रकोष्ठ) कमलेश मीणा यश बंसल एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे है।

## विजयवर्गीय (वैश्य) राजसेवक परिषद में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया






बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** विजयवर्गीय (वैश्य) राजसेवक परिषद के 'संगम' भवन, सेक्टर-26 में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष डॉ. शिवकुमार विजयवर्गीय द्वारा प्रातः 10.30 बजे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित सभी पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया गया। इसके बाद सभी उपस्थितजनों को मिठाई (लड्डू) वितरित किए गए। समारोह के अंत में चाय-नाश्ते की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिषद के सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने देशभक्ति के भाव के साथ गणतंत्र दिवस का उत्सव मनाया।

## गणतंत्र दिवस पर सामाजिक योगदान हेतु सुभाष बिजारणियां सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित उपखंड स्तरीय समारोह में फ्यूचर ज़ोन इंस्टीट्यूट के निदेशक एवं रोटरी क्लब रींगस (सत्र 2026-27) के सचिव सुभाष बिजारणियां को सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रींगस में विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ?1,81,000 की लागत से सीसीटीवी कैमरे लगवाने के सराहनीय कार्य हेतु प्रदान किया गया। समारोह का आयोजन उपखंड प्रशासन द्वारा किया गया, जिसमें एसडीएम बृजेश कुमार एवं तहसीलदार महेश ओला द्वारा सुभाष बिजारणियां को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुभाष बिजारणियां ने कहा कि यह सम्मान व्यक्तिगत नहीं, बल्कि शिक्षा, सुरक्षा और समाज सेवा के प्रति सामूहिक सोच का सम्मान है। उन्होंने उपखंड प्रशासन, अधिकारियों, सहयोगियों एवं सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे भविष्य में भी समाज और शिक्षा के क्षेत्र में सेवा कार्य निरंतर जारी रखेंगे।

## सुनील कुमावत उपखंड स्तर पर सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** कस्बे के गैलेक्सी क्लासेज़ व डिफेंस एकेडमी के डायरेक्टर सुनील कुमावत को उपखंड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह पर सम्मानित किया गया। कुमावत को यह सम्मान रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में सहयोग व प्रतियोगी परीक्षाओं के मार्गदर्शन में रींगस परिक्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के उपलक्ष्य में प्रदान किया गया। उपखंड स्तरीय कार्यक्रम में तहसीलदार महेश ओला, उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता, पालिका अध्यक्ष हरिशंकर निठारवाल, उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने सुनील कुमावत एवं समस्त गैलेक्सी टीम को सम्मानित किया गया।

### राजस्थान ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक

# विभागीय योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक समय पर पहुंचाया जाए-डॉ. किरोड़ी लाल

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में मंगलवार को शासन सचिवालय में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राज्य की प्रमुख केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा की गई। ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि विभागीय योजनाओं का लाभ समय पर ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाया जाए। ग्रामीण विकास के लिए राज्य सरकार सदैव तत्परता से कार्य कर रही है।

डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा कि विभागीय अधिकारी ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता, रोजगार सृजन एवं बुनियादी सुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। परदेश में 15 लाख 95 हजार लखपति दीदियां बनाई जा चुकी है और 19 लाख 90 हजार संभावित लखपति दीदियों को प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि राजीविका योजना में स्वयं सहायता समूहों को मजबूत बनाने एवं ऋण वितरण में भी उत्साहजनक प्रगति दर्ज की गई। विशेष क्षेत्रों की विकास योजनाओं तथा मगरा क्षेत्रीय विकास योजना में सडक़, जल संरक्षण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, जो पिछड़े क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोडऩे में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। मनरेगा के अंतर्गत ग्रामीण रोजगार की मांगों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। पीएम आवास योजना के तहत लक्षित संख्या के अनुरूप मजबूत आवासों का निर्माण कार्य तेजी से पूरा हो रहा है, जिससे ग्रामीण परिवारों को पक्के मकान का लाभ मिला सकेगा।

ग्रामीण विकास मंत्री ने अधिकारियों को कार्यों को गति देने एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने को कहा।

बैठक में वीबी जी राम जी, राजीविका, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), लखपति दीदी योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना, बायोफ्यूल प्राधिकरण योजना, विशेष क्षेत्रों की विकास योजनाओं तथा मगरा क्षेत्रीय विकास योजना की उपलब्धियों पर गहन चर्चा हुई।

डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा कि विभाग द्वारा नवाचार करते हुए वन विभाग के सहयोग से स्मृति वन में राजीविका कियोस्क की स्थापना की जा रही है। दिवाली के अवसर पर दीपावली सुमंगल मेला 2025 में 1 करोड़ 37 लाख के समूहों उत्पादों की बिक्री हुई। राष्ट्रीय राज सखी मेला-2025 के अंतर्गत कुल 8 करोड़ 55 लाख के समूह उत्पादों की बिक्री की गई।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजीविका नेहा गिरि, आयुक्त मनरेगा पुष्पा सत्यानी, अतिरिक्त आयुक्तजुगल किशोर मीणा सहित ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 77 वां गणतंत्र दिवस-2026,पर तिरंगा फहराकर समारोह मनाया





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी सेक्टर -23, प्रताप नगर, जयपुर के द्वारा 77 वा गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया, जिसमें 500- 600 के लगभग महिला पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे । शुभ अवसर पर अध्यक्ष सूर्य प्रकाश चौहान द्वारा तिरंगा झंडा फहराकर राष्ट्रगान की शुरुआत की एवं देश भक्ति के गीतो से महिला एवं बच्चों नेअपनी प्रस्तुति दी एवं प्रोग्राम की शुरुआत की गई। समिति द्वारा पूर्व अध्यक्षों को सम्मानित किया। सेक्टर-23 के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया एवं 2025 में जो सेवानिवृत हुए उनको सम्मानित किया, भामाशाहों को भी सम्मानित किया गया। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किए गए उनको भी सम्मानित किया गया। प्रातः 11.00 बजे से 2.00 बजे तक, बिना आंख झपकाये , सभी लोग मंत्र मुग्ध होकर देखते रहे, उसके बाद जलेबी, पालक पकौड़ी एवं कोफ्ते के नाश्ता कराया गया, साथ में चाय - पानी वितरित कर सभी गदगद हो गए इसके बाद अध्यक्ष सूर्य प्रकाश चौहान महोदय के संबोधन में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण04पर्कोंजकारी साफ-सफाई,जी राम जी, के सेवको का बखान किया गया । समिति के सभी पदाधिकारी पदमचंद जैन ,अशोक बाबू सक्सेना, पीके गुप्ता, शैलेंद्र शुक्ला, पदाधिकारियों का धन्यवाद दिया जिन्होंने अपनी अहम भूमिका निभाई एंव समय का योगदान दिया एवं कॉलोनीवासीयो को एकजुटता का पाठ भी पढ़ाया गया है।

## राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े द्वारा 77 वें गणतंत्र दिवस पर चंद्रशेखर कटारा कोउत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** सवाई मानसिंह स्टेडियम पर 26 जनवरी 2026को आयोजित 77 वें गणतंत्र दिवस राज्य स्तरीय समारोह में राजस्थान के राज्यपाल महामहिम हरिभाऊ बागड़े द्वारा चंद्रशेखर कटारा को इनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय विधिक कार्यों के लिए यह प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

चंद्रशेखर कटारा सामान्य परिवार में जन्मे है उनके पिता श्री आर एस कटारा सेवानिवृत्त-सहायक निदेशक अभियोजन , वर्तमान में राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर में वकालत करते हैं ।

इन्हें भी वर्ष 1993 में प्रभावी अभियोजन पैरवी उत्कृष्ट विधिक सेवाओं के लिए जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर द्वारा सम्मानित किया ।

चंद्रशेखर कटारा नोकरी के अलावा समय समाज सेवा के कार्यों में अपना योगदान दे रहे है ।दिव्यांगजन की सेवा के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर 26अप्रैल2025 को आयोजित किया जिसमें मुंबई के प्रसिद्ध डॉक्टर श्री तरल नागदा वरिष्ठ आर्थो सर्जन की टीम द्वारा ओपीडी की गई । चन्द्रशेखर कटारा का हाल में पदोन्नत अतिरिक्त महाप्रबंधक के पद पदोन्नति कि गई है ये भी अपना समय पिताजी के पदचिन्ह पर चलते हुए समाज सेवाओं के कार्यों में व्यतीत करते है ।इन्हें 26 जनवरी 2017 में आबकारी आयुक्त द्वारा भी उत्कृष्ट विधिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया जा चुका है,विभाग के मुखिया द्वारा वर्ष 2020 में प्रशंसा पत्र दिया जा चुका है ।

चंद्रशेखर कटारा ने लगभग 13 वर्ष राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर एवं अधीनस्थ न्यायालय सवाई माधोपुर में वकालत की थी ।

## सीएमएचओ कार्यालय में धूमधाम से मनाया 77 वॉ गणतंत्र दिवस समारोह

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)** ।कोटपूतलीके कुंज विहार कॉलोनी स्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में सीएमएचओ डॉ. आषीष सिंह शेखावत की अध्यक्षता में सोमवार को 77 वॉ गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर सीएमएचओ डॉ. शेखावत द्वारा हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में ध्वजारोहण किया गया।

**कार्यालय नगर परिषद, टोंक**

क्रमांक :—न.प.टोंक / निर्माण / 2025—26 / 15229 दिनांक :— 20.01.2026

**निविदा सूचना–80/2025–26 (NIB No. DLB2526B0583)**

नगर परिषद टोंक क्षेत्र में होने वाले विभिन्न निर्माण / विकास कार्यो हेतु इच्छुक बोलीदाओं से दिनांक 28.01.2026 दोपहर 1.00 बजे तक विक्रय की जावेगी। अन्य विवरण व शर्ते www.Sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No.-(DLB2526WSOB31503)

आयुक्त
नगर परिषद, टोंक

राज.संवाद / सी / 25 / 18525

**कार्यालय ग्राम पंचायत पांचोलासं, पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा, जिला सवाई माधोपुर**

क्रमांक:-2025-26/163 दिनांक: 26/01/26

**ई-निविदा सूचना संख्या-06/2025-26**

पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा के अधीन ग्राम पंचायत पांचोलास में राजस्थान पंचायती राज नियम 181 के तहत SDRF एवं SFC 6" योजना में स्वीकृत कार्य हेतु निर्धारित प्रपत्र में 'निविदा दरें (तकनिकी एवं वित्तीय अलग अलग) आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित नियम, शर्तें एवं सम्बन्धी दस्तावेज लोक उपापन की बेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखे एव डाउनलोड किये जा सकते है।

NIB No. ZSM2526A0780
UBN No. ZSM2526 WSLB00898

NIB No. ZSM2526A0781
UBN-ZSM2526WSLB00899

नवीन रावत
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत (पांचोलास)
पंचायत समिति चौथ का
बरवाड़ा, जिला सवाई माधोपुर

राजेश पायलट
प्रशासक
ग्राम पंचायत पांचोलास
पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा,
जिला सवाई माधोपुर

**कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) कोटपूतली-बहरोड़**

dm.election.ktpbhr@rajasthan.gov.in

क्रमांकः निर्वाचन/बिड/2026/73 दिनांकः 27/01/2026

**खुली निविदा सूचना**

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) कोटपूतली-बहरोड़ द्वारा पंचायती राज संस्थाओ / नगरीय निकाय संस्थाओं के आम चुनाव 2026 के निर्वाचक नामावलियों की प्रकाशन प्रतियों की फोटो कॉपी / मुद्रण कार्य हेतु बोनाफाईड विनिर्माताओ / उत्पादनकर्ता / आपूर्तीकर्ता / अधिकृत विक्रेताओ से निर्धारित प्रपत्र में सील बंद लिफाफे में खुली बोली (दर संविदा) आमन्त्रित की जाती है। जिसके शर्तें एवं अन्य विवरण कार्यालय समय में कार्यालय में एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB No. CKO2526A0013
UBIN No. CKO2526SSRC00013

उपजिला निर्वाचन अधिकारी,
कोटपूतली-बहरोड

## कृषि योजनाओं की समीक्षा: एडीएम ने दिए पात्र किसानों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान




**कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण ने मंगलवार को कृषि विभाग का निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से वर्तमान में संचालित योजनाओं के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों एवं उनकी प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा एडीएम को तारबंदी योजना, फॉर्म पौंड योजना, कृषि संयंत्र, पाइपलाइन, गोवर्धन जैविक योजना, भूमिहीन कृषि श्रमिक योजना सहित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, पीएम कुसुम योजना, सोलर पंप संयंत्र एवं राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत जिले में हो रही प्रगति से अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी योजनाओं की जानकारी समय पर आमजन तक पहुँचना सुनिश्चित की जाए ताकि पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित न रहें। उन्होंने विशेष रूप से तारबंदी योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर ज्यादा किसानों को इसका लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सौर ऊर्जा के उपयोग को लेकर किसानों को व्यापक रूप से जागरूक किया जाए। पीएम कुसुम योजना एवं सोलर पंप संयंत्र के लाभों की जानकारी देकर किसानों को इन्हें अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए।

**राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लि.**

रजि. कार्यालयः गाँधी ब्लॉक, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर, फोन नः 0141-2228061-62, फैक्स नः 0141-2228065, ई-मेल :rmsc@nic.in, Website : http://rmsc.health.rajasthan.gov.in

क्रमांक :- एफ.9()/आरएमएससी/भण्डार/न्यू टोनर/2026-27/900 दिनांक :- 22/01/2026

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026—27 में टोनर कार्टरिज क्रय किये जाने हेतु खुली निविदा जारी की जाती है।

| क्र. सं. | विवरण | अनुमानित राशि (लाखों में) | बोली प्रतिभूति (bid security) (₹ में) | निविदा प्रपत्र शुल्क (₹) | निविदा प्रपत्र विक्रय प्रारम्भ की तिथि | निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नवीन टोनर | 9.00 | 18000 / — | 590.00 (with 18% GST) | 22.01.2026 02.00 PM | 29.01.2026 06.00 PM तक | 29.01.2026 06.00 PM तक | 30.01.2026 02.00 PM |

इच्छुक निविदादाता 590 / — रू नगद जमा करवाकर निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से कार्यालय समय में प्राप्त कर सकते है या SPPP एवं RMSC की वेबसाईट से अपलोड कर राशि रू. 590 / — का डी.डी. आरएमएससी के नाम देय हो, निविदा के साथ संलग्न करे। निविदाएँ दिनांक 22.01.2026 को दोपहर 02:00 बजे से जारी की जाकर दिनांक 29.01.2026 सायं 06:00 बजे तक सीलबंद लिफाफो में प्राप्त की जावेगी तथा दिनांक 03.01.2026 को दोपहर 02:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा की अनुमानित लागत रू. 09 लाख रूपये है तथा निविदा के साथ रू. 18,000 / — बोली प्रतिभूति राशि का डी.डी., जो कि MD, RMSC के नाम से देय हो, जमा कराना होगा।

निविदा स्वीकर करने अथवा नहीं करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता का होगा। डाक द्वारा प्रस्तुत निविदाओं को निविदा प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

उक्त निविदा सूचना को **www.sppp.rajasthan.gov.in** एवं **http://rmsc.health.rajasthan.gov.in** पोर्टल पर भी देखी जा सकती है।

विशेषाधिकारी
आरएमएससी

राज.संवाद/सी/25/18477

## सम्पादकीय

# आर्थिक सहयोग का नया युग, भारत और यूरोपीय संघ के बीच कई बड़े समझौतों पर लगी मुहर

अंततः भारत और यूरोपीय संघ के बीच सभी समझौतों की जननी कहा जाने वाला मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) हो गया। इस समझौते का महत्व केवल इसलिए नहीं है कि यह दुनिया की एक चौथाई आबादी वाले भारत और 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ के बीच हुआ है। इसका महत्व इसलिए भी है, क्योंकि इसने अपना आर्थिक दबदबा कायम करने की कोशिश करने वाले अमेरिका और चीन को यह संदेश दिया है कि उनका विकल्प उपलब्ध है। इस संदेश की पुष्टि अमेरिकी नेताओं के उन बयानों से होती है, जिनसे यह ध्वनित हो रहा है कि उन्हें यह समझौता रास नहीं आया। आश्चर्य नहीं कि अमेरिका इसमें अड़ंगा लगाने की कोशिश करे। वास्तव में टैरिफ के मामले में अमेरिका के मनमाने रवैये ने ही इस समझौते की राह आसान की। इस समझौते का एक महत्व इसलिए भी है, क्योंकि यूरोपीय संघ और भारत दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 25 प्रतिशत के बराबर हैं और जो वैश्विक व्यापार का एक तिहाई हिस्सा हैं। स्पष्ट है कि विश्व की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सहयोग दोनों पक्षों को व्यापार और निवेश के अभूतपूर्व अवसर प्रदान करेगा। यह अवसर आर्थिक समृद्धि को बल प्रदान करने के साथ रोजगार की समस्या भी दूर करेगा। इस समझौते से जहां यूरोपीय कारों, वाइन, मशीनरी, रसायन, स्टील आदि पर भारतीय आयात शुल्क में भारी कटौती होगी, वहीं भारतीय वस्त्र, रत्न, औषधि आदि के लिए यूरोपीय बाजार में पहुंच आसान होगी। यह भी उल्लेखनीय है कि इस समझौते से दोनों पक्षों के बीच रणनीतिक सहयोग बढ़ेगा। इसके अलावा भारतीय छात्रों, शोधकर्ताओं और कुशल पेशेवरों को यूरोप में नए अवसर मिलेंगे। चूंकि भारत और यूरोपीय संघ के बीच का एफटीए दोनों के लिए लाभकारी है, इसीलिए उत्साह का माहौल है, लेकिन यह ध्यान रहे कि इस समझौते का यूरोपीय संसद और परिषद से अनुमोदन चाहिए होगा। इसमें जो समय लगेगा, उसका सदुपयोग इस एफटीए का अधिकतम लाभ उठाने की तैयारी में खपाना चाहिए। यह तैयारी भारतीय उद्यमियों को विशेष रूप से करनी होगी। उन्हें अपने को साबित करने का जो अवसर मिलने जा रहा है, उसे भुनाने में कोई कसर नहीं छोडऩी चाहिए। उन्हें गुणवत्ता और उत्पादकता का स्तर उन्नत करते हुए ऐसे मूल्यवान विश्वस्तरीय उत्पाद तैयार करने होंगे, जिनकी विशिष्ट पहचान बने और इसके चलते



उनकी मांग बढ़े। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि भारतीय उत्पाद अपनी उच्च गुणवत्ता के लिए कम ही जाने जाते हैं। भारतीय उद्यमियों को अपने उत्पादों का निर्माण विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप करने के लिए भी तैयार रहना होगा, क्योंकि इससे ही आपसी व्यापार का पलड़ा भारत के पक्ष में बना रह सकता है।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 28 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1556- मुग़ल शासक हुमायूँ की मौत हो गई थी।
- 1813 - युनाइटेड किंगडम में पहली बार 'प्राइड एंड प्रेजुडिस' किताब का प्रकाशन हुआ।
- 1835 - पश्चिम बंगाल में कलकत्ता मेडिकल कॉलेज की शुरुआत हुई।
- 1860 - ब्रिटेन ने औपचारिक रूप से निकारागुआ को मास्क्टिो तट लौटा दिया।
- 1878 - 'येल डेली न्यूज़' युनाइटेड स्टेट्स में प्रकाशित होने वाला पहला दैनिक समाचारपत्र बना।
- अमेरिका के न्यू हेवन में पहला टेलीफोन एक्सचेंज बना।
- 1887 - फ्रांस की राजधानी पेरिस में एफिल टॉवर का काम शुरू।
- 1909 -क्यूबा पर से अमेरिका का नियंत्रण समाप्त हो गया।
- सेना के प्रथम भारतीय सेनाध्यक्ष के.एस. करियप्पा का जन्म।
- 1932 - जापानी सेना ने शंघाई (चीन) पर कब्ज़ा किया।
- 1933 - चौधरी रहमत अली ख़ाँ ने मुस्लिम लीग की मांग के तहत बनने वाले अलग राष्ट्र के लिए पाकिस्तान का नाम सुझाया।
- कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में पढ़े भारतीय मुस्लिम और नेशनल मुस्लिम मूवमेंट के संस्थापक रहमत अली चौधरी ने देश में मुस्लिम बहुल राज्यों के संघ का नाम पाकिस्तान सुझाया।
- 1935 - आइसलैंड गर्भपात को क़ानूनी स्वीकृति देने वाला पहला देश बना।
- 1939 - आयरिश कवि विलियम बटलर योटस का निधन।
- 1942 - जर्मनी की सेना ने लीबिया के बेंगाजी पर क़ब्ज़ा किया।
- 1943 - एडोल्फ़ हिटलर ने जर्मनी के सभी युवकों को फ़ौज में जबरन भर्ती का आदेश दिया।
- 1945 - अमेरिकी ट्रकों का काफ़िला बर्मा रोड से पहली बार गुजरा।
- 1950 - न्यायाधीश हीरालाल कानिया ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का पद सम्भाला।
- 1961 - एचएमटी घडिय़ों की पहली फैक्ट्री की आधारशिला बेंगलुरु में रखी गयी।

## विशेष आलेख

# जिस लाठी ने साम्राज्य को हिला दिया: पंजाब केसरी लाला लाजपत राय



सुनील कुमार महला

**वर्ष 1926 में वे केंद्रीय विधानसभा के उप-नेता चुने गए। 1928 में जब ब्रिटिश सरकार ने बिना किसी भारतीय सदस्य के साइमन कमीशन भारत भेजा, तो लाला लाजपत राय ने विधानसभा में इसका विरोध प्रस्ताव रखा और लाहौर में इसके खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन का नेतृत्व किया। इसी दौरान उन्होंने ऐतिहासिक नारा दिया-'साइमन वापस जाओ'(साइमन गो बैक)। लाहौर में साइमन कमीशन के विरोध के दौरान पुलिस अधीक्षक जेम्स स्कॉट के आदेश पर उन पर निर्मम लाठीचार्ज किया गया।**

28 जनवरी को महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, आर्य समाज के प्रमुख विचारक तथा प्रखर राष्ट्रवादी नेता लाला लाजपत राय की जयंती मनाई जाती है। अपनी ओजस्वी वाणी, निर्भीक तेवर और अंग्रेजी हुकूमत के सामने कभी न झुकने वाले व्यक्तित्व के कारण वे जनमानस में 'पंजाब केसरी' (पंजाब का शेर) के नाम से विख्यात हुए। उनकी गर्जना( ओजस्वी भाषण) इतनी प्रभावशाली होती थी कि सभाओं में उपस्थित हजारों लोग एक ही आह्वान पर उनके पीछे चल पड़ते थे। निस्संदेह, वे भारतीय इतिहास के उन तेजस्वी सितारों में से एक हैं जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। लाला लाजपत राय का जन्म 28 जनवरी 1865 को पंजाब के फिरोज़पुर जिले के धुडीके गाँव (तत्कालीन पंजाब, ब्रिटिश भारत) में हुआ था। उनके पिता मुंशी राधाकृष्ण उर्दू-फ़ारसी के विद्वान थे तथा माता गुलाब देवी एक धार्मिक एवं संस्कारवान महिला थीं। प्रारंभिक शिक्षा के बाद उन्होंने लाहौर के गवर्नमेंट कॉलेज से कानून की पढ़ाई की। इसी दौरान वे स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों से अत्यंत प्रभावित हुए और लाहौर में आर्य समाज से जुड़ गए। लाला जी का मानना था कि हिंदू धर्म का नैतिक आदर्शवाद जब राष्ट्रवाद के साथ जुड़ता है, तो वह एक धर्मनिरपेक्ष राज्य (सेकुलर स्टेट) की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करता है। शिक्षा के प्रति उनका दृष्टिकोण अत्यंत प्रगतिशील था। वे दृढ़ता से विश्वास करते थे कि बिना शिक्षा के कोई भी राष्ट्र उन्नति नहीं कर सकता। इसी सोच के परिणामस्वरूप उन्होंने युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए तैयार करने हेतु 'सर्वेंट्स ऑफ द पीपल सोसाइटी' की स्थापना की तथा लाहौर में 'नेशनल कॉलेज' की शुरुआत की, जहाँ आगे चलकर भगत सिंह जैसे महान क्रांतिकारियों ने शिक्षा प्राप्त की।वे सामाजिक सुधारों के प्रबल समर्थक थे। 1890 के दशक के अंत में जब भारत के कई भागों में भीषण अकाल पड़ा, तब लाला जी ने राहत कार्यों का नेतृत्व किया और अनाथ बच्चों के लिए अनेक राहत शिविर एवं अनाथालय स्थापित कराए। वे विधवा पुनर्विवाह, स्त्री शिक्षा और छुआछूत उन्मूलन के लिए सक्रिय रूप से कार्यरत रहे।राष्ट्रीय आंदोलन में उनकी भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण रही। बाल गंगाधर तिलक और बिपिन चंद्र पाल के साथ मिलकर उन्होंने उग्र राष्ट्रवादी नेताओं की प्रसिद्ध त्रयी 'लाल-बाल-पाल' का गठन किया। वे इस त्रयी के प्रमुख स्तंभ थे। वे हिंदू महासभा से भी जुड़े रहे और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध मुखर रहे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य के रूप में उन्होंने पंजाब के अनेक राजनीतिक आंदोलनों का नेतृत्व किया। वर्ष 1907 में अंग्रेज सरकार ने उन्हें आंदोलनकारी गतिविधियों के कारण बर्मा निर्वासित कर दिया, किंतु पर्याप्त प्रमाण न होने के कारण कुछ महीनों बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। कम लोगों को ज्ञात है कि 1914 से 1919 के बीच लाला लाजपत राय अमेरिका में रहे। वहाँ उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुँचाया और ब्रिटिश शासन के अत्याचारों से अमेरिकी जनता को अवगत कराया। इसी दौरान उन्होंने 1917 में 'होम रूल लीग ऑफ अमेरिका' की स्थापना कर अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भारत की स्वतंत्रता के लिए नैतिक समर्थन माँगा।उन्होंने बंगाल विभाजन का कड़ा विरोध किया, रौलेट एक्ट और जलियांवाला बाग हत्याकांड की तीखी निंदा की। वे अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। वर्ष 1920 में कांग्रेस के नागपुर अधिवेशन में उन्होंने महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन का समर्थन किया। वर्ष 1926 में वे केंद्रीय विधानसभा के उप-नेता चुने गए। 1928 में जब ब्रिटिश सरकार ने बिना किसी भारतीय सदस्य के साइमन कमीशन भारत भेजा, तो लाला लाजपत राय ने विधानसभा में इसका विरोध प्रस्ताव रखा और लाहौर में इसके खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन का नेतृत्व किया। इसी दौरान उन्होंने ऐतिहासिक नारा दिया-'साइमन वापस जाओ'(साइमन गो बैक)। लाहौर में साइमन कमीशन के विरोध के दौरान पुलिस अधीक्षक जेम्स स्कॉट के आदेश पर उन पर निर्मम लाठीचार्ज किया गया। गंभीर चोटों के बावजूद उन्होंने अंग्रेज सरकार से कभी क्षमा नहीं माँगी। लाठीचार्ज से पूर्व उनका दिया गया वाक्य-'मेरे शरीर पर पड़ी एक-एक लाठी ब्रिटिश साम्राज्य के ताबूत में कील बनेगी।' बाद में ऐतिहासिक सत्य सिद्ध हुआ। चोटों के कारण 17 नवंबर 1928 को लाहौर में उनका निधन हो गया। लाला जी की शहादत से क्षुब्ध होकर ही भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव ने अंग्रेज अधिकारी सॉन्डर्स को मारकर प्रतिशोध लिया।लाला लाजपत राय न केवल एक निर्भीक स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि वे भारत को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से सशक्त बनाने वाले दूरदर्शी चिंतक भी थे। उनकी लेखनी भी उतनी ही प्रखर थी- यंग इंडिया, अनहैप्पी इंडिया, भारत का इंग्लैंड पर आरोप, इंडिया विल टू फ्रीडम, भगवद्गीता का संदेश सहित अनेक कृतियाँ उनके विचारों की अमिट धरोहर हैं। वे पंजाब नेशनल बैंक के सह-संस्थापक, आर्य गजट के संपादक और कई शिक्षण-सामाजिक संस्थाओं के प्रेरणास्रोत रहे।अंततः कहा जा सकता है कि पंजाब केसरी लाला लाजपत राय शहादत की वह मशाल हैं, जिनकी लौ भारतीय राष्ट्रवाद को सदैव प्रकाशित करती रहेगी-उन्हें भुला पाना असंभव है।

# आशा-आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का स्वैच्छिक योगदान



डॉ. प्रियंका सौरभ

*कोविड-19 जैसी महामारी में इन्हें अग्रिम पंक्ति के सैनिकों की तरह इस्तेमाल किया गया था, लेकिन आजकल ये महिलाएं सडक़ों पर हैं, उनका गंतव्य पश्चिम बंगाल का सियालदह रेलवे स्टेशन या कर्नाटक का फाउंटेन चौक है।*

भारत के ग्रामीण समाज में महिला सशक्तिकरण, पोषण और स्वास्थ्य काफी हद तक आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं पर निर्भर करता है। ये वे महिलाएं हैं जो घर-घर जाकर टीकाकरण करती हैं, बच्चों में कुपोषण का पता लगाती हैं, गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव में सहायता करती हैं और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कोविड-19 जैसी महामारी में इन्हें अग्रिम पंक्ति के सैनिकों की तरह इस्तेमाल किया गया था, लेकिन आजकल ये महिलाएं सडक़ों पर हैं, उनका गंतव्य पश्चिम बंगाल का सियालदह रेलवे स्टेशन या कर्नाटक का फाउंटेन चौक है। उनकी स्थिति भी बेहतर नहीं है: क्या राष्ट्र के स्वास्थ्य की देखभाल करने वाली इन महिलाओं को श्रमिक का दर्जा नहीं दिया जाएगा? आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की ज़रूरतें असाधारण नहीं हैं; उन्हें न्यूनतम वेतन, पेंशन, ग्रेच्युटी, तृतीय श्रेणी कर्मचारी का दर्जा और सामाजिक सुरक्षा प्राप्त है। फिर भी, सरकारें उन्हें औपचारिक श्रम अधिकारों से वंचित रखती हैं और उन्हें स्वयंसेवक या परियोजना कार्यकर्ता कहती हैं। दिसंबर 2025 से जनवरी 2026 तक हुई देशव्यापी हड़तालें इस दीर्घकालिक उपेक्षा की सार्वजनिक अभिव्यक्ति का एक उदाहरण हैं।

सन् 1975 में आईसीडीएस और सन् 2005 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आंगनवाड़ी योजना और आशा योजना शुरू की गई। इसका उद्देश्य स्थानीय महिलाओं की भागीदारी से ग्रामीण स्वास्थ्य और पोषण प्रणालियों को सशक्त बनाना था। शुरुआत में, सरकारी खर्च को सीमित करने के लिए स्वैच्छिक प्रणाली अपनाई गई थी, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि ये महिलाएं पूर्णकालिक कामगारों के रूप में कार्यरत हैं। आशा कार्यकर्ता को 1,000 लोगों की देखभाल करनी होती है, जबकि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं के साथ-साथ 40 बच्चों की देखभाल, पोषण वितरण और रिकॉर्ड रखने का काम करती हैं। 2006 में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि वैधानिक पदों पर न होने के कारण वे सरकारी कर्मचारी हैं, लेकिन इस फैसले को नजरअंदाज कर दिया गया। हालांकि, 2022 के एक फैसले में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को 2013 के आईसीडीएस अधिनियम के अनुसार ग्रेच्युटी का अधिकार दिया गया। बाद में, 2024 में गुजरात उच्च न्यायालय ने समानता के सिद्धांत के आधार पर उन्हें राज्य कर्मचारी के रूप में स्वीकार किया, जबकि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पदोन्नति के मुद्दे पर विचार करने का निर्देश दिया। इसके बावजूद, केंद्र और राज्य की नीतियां असंगत और अनियमित हैं। मानदेय का प्रचलन शर्मनाक है। आशा कार्यकर्ताओं को 3,500 से 6,000 के बीच न्यूनतम मानदेय मिलता है, और वह भी प्रोत्साहन राशि पर आधारित है। कर्नाटक में 6,000 का मानदेय निर्धारित है, लेकिन इसका भुगतान आठ-नौ महीने देरी से होता है। आंगनवाड़ी पर्यवेक्षकों को औसतन 15,000 मिलते हैं। कोई अवकाश नहीं, कोई परिवहन भत्ता नहीं, उचित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण नहीं। मातृत्व अवकाश भी बहुत कम हैं, और कार्यभार लगातार बढ़ता जा रहा है।

## लघु कथा — बढ़ता राजस्थान



### प्रवासी

विदेश से भारत लौटने पर--तू विदेश छोडक़र भारत क्यों लौट आया? रवि के दोस्त ने सवाल किया।-वहाँ अपनापन नहीं लगता था। अपना देश अपना होता है, यार।--तू पागल है! ...पर चल तेरी मरज़ी। फिर पता नहीं क्या हुआ कि तीन साल तक भारत में रहने के बाद अचानक रवि सपरिवार दुबारा विदेश को रवाना हो गया। विदेश लौटने पर रवि, तुम यहाँ? ऑकलैंड के एक मॉल में अचानक रवि को अपने सामने देखकर उसका एक परिचित चकित रह गया। हाँ, भइया। मैं लौट आया। फिर बोला, अब वहाँ कोई अपना नहीं लगता। सब 'मटेरियलिस्टिक हो गए हैं। सगे बहन-भाई भी! माँ तो अब रही नहीं, तो....! इससे आगे न वह कुछ बोल पाया और न दूसरे को कुछ पूछने का साहस हुआ।

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# इन लोगों को भूलकर भी नहीं खाना चाहिए बैंगन, फायदे की जगह होगा बड़ा नुकसान

1. किडनी स्टोन के मरीज बैंगन में ऑक्सलेट की मात्रा बहुत अधिक होती है। ऑक्सलेट किडनी में कैल्शियम के साथ मिलकर पथरी को बढ़ा सकता है। अगर आपको पहले से स्टोन की समस्या है, तो बैंगन खाना आपके दर्द को कई गुना बढ़ा सकता है।

2. एनीमिया (खून की कमी) के शिकार बैंगन में एक खास तत्व पाया जाता है जिसे 'नैसुनिन' कहते हैं। यह आयरन को कोशिकाओं से बाहर निकालने का काम करता है। यदि आपके शरीर में पहले से ही हीमोग्लोबिन कम है, तो बैंगन का सेवन आयरन एब्जॉर्प्शन को रोक सकता है, जिससे कमजोरी बढ़ सकती है।

3. पेट की खराबी और एसिडिटी -बैंगन की तासीर गर्म होती है और इसमें फाइबर ज्यादा होने के बावजूद यह गैस और एसिडिटी पैदा कर सकता है। अगर आपका पाचन तंत्र कमजोर है या आपको अक्सर पेट फूलने की समस्या रहती है, तो बैंगन से परहेज करें।

4. त्वचा की एलर्जी और खुजली- बैंगन में कुछ ऐसे एल्कलोइड्स होते हैं जो स्किन एलर्जी को बढ़ा सकते हैं। अगर आपको अक्सर खुजली, रैशेज या पित्ती उछलने की समस्या रहती है, तो बैंगन खाने से यह समस्या गंभीर रूप ले सकती है।

5. आंखों की जलन या भारीपन -आयुर्वेद के अनुसार, जिन लोगों की आंखों में अक्सर जलन, पानी आना या भारीपन महसूस होता है, उन्हें बैंगन नहीं खाना चाहिए। यह आंखों की संवेदनशीलता को प्रभावित कर सकता है।

6. पाइल्स (बवासीर) के मरीज- पाइल्स के मरीजों के लिए बैंगन काफी नुकसानदायक माना जाता है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपका यदि कोई महत्वपूर्ण काम रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। संतान किसी नौकरी से संबंधित परीक्षा को देने के लिए कहीं बाहर जा सकती हैं।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है, लेकिन आपको किसी नई नौकरी से बुलावा आ सकता है, फिलहाल पुरानी में ही टिके रहे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। वरिष्ठ सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए लेनदेन से संबंधित मामलों में सावधान रहने के लिए रहेगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आपको अपनी जिम्मेदारी से बिल्कुल पीछे नहीं हटाना है।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपके लिए गए निर्णय के लिए आपको पछतावा हो सकता है, क्योंकि संतान के मनमाने स्वभाव के लेकर आपको टेंशन रहेगी।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस को लेकर कोई पार्टनरशिप कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

**कन्या**
आज आपको काम को लेकर थोड़ा सावधानी बरतने की आवश्यकता है, इसलिए आपको यदि कोई जिम्मेदारी मिले, तो उसे समय से पूरा करने की कोशिश करें।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए आय पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको आय और व्यय में तालमेल बनकर चलने की आवश्यकता है। आपको अपने पारिवारिक मामलों को लेकर किसी बाहरी व्यक्ति से सलाह करने से बचना होगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपको किसी दूर रह रहे पर परिजन से मिलने का मौका मिलेगा। आप अपने घर के रिनोवेशन का काम शुरू कर सकते हैं, जिसमें आपका खर्चा भी अधिक होगा।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढऩे के लिए रहेगा। आप अपने बिजनेस को ऊंचाइयों तक लेकर जाएंगे, उसमें अच्छा इन्वेस्टमेंट करने की भी सोचेंगे।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढऩे के लिए रहेगा। आप अपने कामों में तीव्र गति से आगे बढ़ेंगे। जिसे देखकर आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न होंगे।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों के तुलना में बढिय़ा रहने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। संतान ने यदि किसी परीक्षा को दिया था, तो उसके परिणाम आ सकते हैं।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए कुछ कठिनाइयां लेकर आने वाला है। आपको किसी लापरवाही के कारण मुश्किलें बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी किसी से कहासुनी होने की संभावना है।

# सेवा भारती समिति को मिला जिला स्तरीय प्रशंसा पत्र



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** गणतंत्र दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सेवा भारती समिति सवाई माधोपुर को अभावग्रस्त क्षेत्रों एवं बस्तियों में किए जा रहे सेवा कार्यों एवं पर्यावरण सुरक्षा एवं प्लास्टिक के उपयोग से दूरी बनाने में नि:शुल्क बर्तन बैंक की स्थापना अन्य किय जा रहे सेवा कार्यों के लिए राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा द्वारा जिला कलेक्टर कानाराम एवं जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार की उपस्थिति में प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया! प्रशंसा पत्र प्राप्त करने के बाद समिति के जिला अध्यक्ष डॉ बृज बल्लभ शर्मा ने बताया कि सेवा भारती विभिन्न अभावग्रस्त बस्तियों में शिक्षा, संस्कार, स्वावलंबन, एवं सामाजिक कार्यों हेतु कार्य करती है, जिसमें बच्चों के लिए बाल संस्कार केंद्र, कोचिंग, सत्संग केंद्र, मेहंदी प्रशिक्षण, सिलाई केंद्र एवं चिकित्सा के प्रकल्प सम्मिलित हैं। उन्होंने इस सम्मान को सभी कार्यकर्ताओं के प्रयास एवं परिश्रम का परिणाम बताया ।

# अधिशासी अभियंता अभियांत्रिकी अशोक मीणा एपीओ

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला परिषद सवाई माधोपुर में पदस्थापित अधिशासी अभियंता (अभियांत्रिकी) को राज्य सरकार ने तत्काल प्रभाव से आदेशों को प्रतीक्षा में ( एपीओ) किया है।

ग्रामीण विकास विभाग (अनुभाग 1) के शासन उप सचिव (प्रशासन) अजय कुमार आर्य ने जारी आदेश में स्पष्ट किया है कि अधिशासी अभियंता अभियांत्रिकी अशोक मीणा का एपीओ के दौरान मुख्यालय ग्रामीण विकास विभाग मुख्यालय जयपुर रहेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि यह आदेश सक्षम स्तर पर अनुमोदित है।

# बच्चों को पुरस्कृत कर पढ़ाई के लिए किया प्रोत्साहित



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** अजमेरी गेट डिग्गी हाउस में महिला पार्षद द्वारा संचालित अरुण बाल निकेतन में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. ओपी टांक एवं अशोक शर्मा रहे। महिला परिषद की प्रेसिडेंट शांति देवी ने अध्यक्षता की। इस मौके पर अंजुला जैन, सचिव शेफाली शर्मा, उषा किरण एवं आशा शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर सबका मन मोह लिया। डॉ. टांक ने बच्चों को को पुरस्कृत कर पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया।

# चाकसू में 'लाडो अपनी बचत घर योजना महिला सहकारी समिति लिमिटेड' की नई शाखा का भव्य शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**चाकसू (नि.स.)।** महिला सशक्तिकरण और वित्तीय स्वावलंबन की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, लाडो अपनी बचत घर



योजना महिला सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा आज चाकसू में अपनी नई शाखा का उद्घाटन किया गया। इस गौरवशाली अवसर पर क्षेत्र की 500 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं संस्था की सचिव फाउंडर श्रीमती मोनिका गुप्ता ने फीता काटकर कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। इसके पश्चात उन्होंने ध्वजारोहण कर संस्था के संकल्पों को दोहराया। कार्यक्रम का आरंभ विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ किया गया, जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने सुख-समृद्धि की कामना की। उद्घाटन के बाद आयोजित बैठक में महिलाओं के आर्थिक उत्थान और वित्तीय प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की गई। सचिव श्रीमती मोनिका गुप्ता ने महिलाओं को संबोधित करते हुए बचत के महत्व और सहकारी समिति के माध्यम से मिलने वाले लाभों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि समिति का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।शाखा के खुलते ही महिलाओं में भारी उत्साह देखा गया। उद्घाटन के पहले ही दिन 200 से अधिक ऋण आवेदन भरे गए। इन सभी आवेदनों की प्रक्रिया पूर्ण कर 30 जनवरी को ऋण राशि का वितरण कर दिया जाएगा। चाकसू में इस नई शाखा के खुलने से स्थानीय महिलाओं को बैंकिंग और ऋण सुविधाओं के लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा, जिससे क्षेत्र के कुटीर उद्योगों और व्यक्तिगत बचत को बढ़ावा मिलेगा।

# स्वामी रामचरण महाराज की जयंती व कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 31 को

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा शाखा निवाई के तत्वावधान में 31 जनवरी को शहनाई गार्डन निवाई में विजयवर्गीय एवं अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के स्वामी रामचरण महाराज की 306 वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। समाज के अध्यक्ष जितेंद्र विजय ने बताया कि स्वामी रामचरण महाराज का प्राकट्य महोत्सव को लेकर भजन संकीर्तन सहित कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस दौरान नवनियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।

# चिंतनीय: सरकार को परेशान करने वाले सवाल अनुत्तरित, जर्जर स्कूल भवनों पर जवाबों का इंतजार

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सरकार की इच्छा शक्ति के बिना कुछ भी संभव नहीं है। कमोबेश स्थिति ' माननीयों' की ओर से पूछे गए प्रश्नों में भी बनी हुई है।

जी हां! राजस्थान विधानसभा के 16वें कार्यकाल के चतुर्थ सत्र में शिक्षा विभाग से जुड़े जर्जर विद्यालय भवनों का मुद्दा सबसे ज्यादा चर्चा में रहा, लेकिन यही सवाल सरकार के लिए सबसे असहज भी साबित हुए। चतुर्थ सत्र के दौरान विधायकों की ओर से शिक्षा विभाग से जुड़े कुल 126 प्रश्न पूछे गए, जिनमें से 40 प्रश्न केवल जर्जर विद्यालय भवनों की स्थिति, सुरक्षा और पुनर्निर्माण से संबंधित थे। हैरानी की बात यह है कि इन 40 में से केवल 8 प्रश्नों के ही जवाब सरकार की ओर से दिए गए, जबकि 32 प्रश्न आज भी अनुत्तरित हैं।जिन सवालों के जवाब दिए गए हैं, वे भी अधिकतर उन्हीं विधानसभा क्षेत्रों तक सीमित रहे, जहां के विधायकों की ओर से प्रश्न पूछे गए थे। पूरे प्रदेश से जुड़े जर्जर विद्यालय भवनों की स्थिति पर केवल एक ही प्रश्न का आंशिक जवाब सदन में रखा गया। अब जबकि विधानसभा का पांचवां सत्र शुरू होने वाला है और सरकार ने विधायकों पर अपने विधानसभा क्षेत्र से बाहर के सवाल पूछने पर रोक लगा दी है, तो यह आशंका गहराने लगी है कि क्या पिछले सत्रों में पूछे गए प्रश्नों के जवाब अब कभी मिल भी पाएंगे या नहीं।

### पिपलोदी हादसे ने खड़े किए थे सवाल

यह मुद्दा इसलिए भी गंभीर है क्योंकि प्रदेश में जर्जर सरकारी स्कूल भवनों से जुड़े हादसे लगातार सामने आ चुके हैं। बीकानेर जिले के केड़ली गांव में वर्ष 2024 में टांके की पट्टियां टूटने से तीन बालिकाओं की दर्दनाक मौत हो गई थी। बाड़मेर के बांकाणा कुआं स्थित विद्यालय का मुख्य द्वार गिरने से वर्ष 2025 में एक बालक की मौत हुई और एक गंभीर रूप से घायल हुआ। कोटा के दरबीजी सुल्तानपुर विद्यालय में जर्जर भवन गिरने से एक बच्चे की जान चली गई, जबकि झालावाड़ के पिपलोदी विद्यालय में वर्ष 2025 में भवन ढहने से सात बच्चों की मौत और 21 बच्चे घायल हुए। इन घटनाओं ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया, लेकिन इसके बावजूद विधानसभा में पूछे गए सवालों पर सरकार की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

### लीपापोती से ज्यादा कुछ नहीं हुआ

मकराना विधायक जाकिर हुसैन गैसावत के सवाल का जवाब देते हुए राज्य सरकार के शिक्षा विभाग ने बताया कि जिला कलक्टरों की ओर से गठित तकनीकी दलों के निरीक्षण में प्रदेशभर में 3,768 विद्यालय भवन जर्जर पाए गए हैं। राज्य सरकार की ओर से जर्जर/क्षतिग्रस्त भवनों के स्थान पर नवीन भवन निर्माण एवं मरम्मत योग्य विद्यालय भवनों की दुरुस्त मरम्मत कार्य को प्राथमिकता से लिया जा रहा है।

इन प्रश्नों के जवाब नहीं मिले

विधायकों ने विधानसभा में सरकार से सवाल करते हुए पूछा कि जर्जर विद्यालय भवनों का सर्वे कब कराया गया, कितने भवन पुनर्निर्माण योग्य हैं, कितनों की मरम्मत की जरूरत है। इसके साथ ही विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर बीमा व्यवस्था, दुर्घटनाओं की संख्या और उनमें हुई जनहानि जैसे अहम सवाल भी सदन में उठाए गए, लेकिन इन पर सरकार की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

### बड़ा सवाल

अब बड़ा सवाल यही है कि जब विधानसभा के भीतर इतने गंभीर मुद्दों पर जवाब नहीं मिल पा रहे हैं, तो प्रदेश के हजारों बच्चों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। पांचवें सत्र से पहले अनुत्तरित प्रश्न सरकार के लिए न केवल प्रशासनिक चुनौती हैं, बल्कि यह शिक्षा व्यवस्था और बच्चों की जान से जुड़ा एक बड़ा सवाल भी बन चुके हैं।

# गणतंत्र दिवस पर रामाज रिसोर्ट में भव्य ध्वजारोहण, देशभक्ति के रंग में रंगा आयोजन

## बाइक राइडर्स के जोशीले प्रदर्शन और देशभक्ति गीतों के बीच संस्थापक रामावतार टेलर ने फहराया तिरंगा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई,(का.स.)।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर रामाज रिसोर्ट में एक भव्य और प्रेरणादायक ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस खास मौके पर रिसोर्ट पैलेस के संस्थापक रामावतार टेलर ने गर्व के साथ राष्ट्रीय ध्वज को फहराया और सभी उपस्थित लोगों को एकता और देशभक्ति की भावना से भर दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीतों की गूंज और देशभक्ति के नारों ने माहौल को और भी खास बना दिया। इस आयोजन को और भी रोमांचक बनाने के लिए जयपुर राइडर्स, ट्रेकिंग बाबा, मैड मास्टर, राइडर्स ऑफ राजस्थान और एक्सप्लो जैसे प्रसिद्ध बाइक राइडर्स ग्रुप्स ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इस दौरान बाइकर्स ने अपने-अपने ग्रुप्स के साथ देशभक्ति गीतों पर जोरदार डांस किया, साथ ही हैरतअंगेज बाइक स्टंट और जोशीले प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।





रामाज रिसोर्ट पैलेस , जो अपनी शानदार सुविधाओं, मनमोहक माहौल और उत्कृष्ट आतिथ्य सेवा के लिए प्रसिद्ध है, ने इस कार्यक्रम को भव्य तरीके से आयोजित कर सभी मेहमानों का दिल जीत लिया। रिसोर्ट में बच्चों और युवाओं के लिए खास तौर पर मिठाई और नाश्ते की व्यवस्था की गई, जिससे इस दिन का आनंद सभी ने मिलकर लिया।

हर साल 26 जनवरी को हम गणतंत्र दिवस का पर्व मनाते हैं। इस दिन पूरे देश में बड़े उत्साह और गर्व के साथ हमारे संविधान और लोकतंत्र की शक्ति का उत्सव मनाया जाता है।

रामावतार टेलर ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, 'गणतंत्र दिवस केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारे देश की गौरवशाली लोकतांत्रिक परंपराओं, समानता और भाईचारे का प्रतीक है। रामाज रिसोर्ट पर इस खास दिन को मनाना हमारे लिए केवल गर्व की बात नहीं, बल्कि यह हमारी जिम्मेदारी भी है कि हम देशभक्ति और एकता का संदेश फैलाएं।'

गणतंत्र दिवस के इस प्रेरणादायक आयोजन ने न केवल देशभक्ति का संदेश फैलाया बल्कि सभी उपस्थित लोगों के दिलों में इस दिन को यादगार बना दिया। रामाज रिसोर्ट ने साबित कर दिया कि यह सिर्फ एक रिसोर्ट नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपरा और आधुनिकता का संगम है।

# कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्यपाल ने सहायक कृषि अधिकारी पिन्टू लाल मीना को किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** गणतंत्र दिवस 2026 के राज्य स्तरीय समारोह में सवाई माधोपुर के गंगापुर सिटी में कार्यरत सहायक कृषि अधिकारी पिन्टू लाल मीना को कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं नवाचारी कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। राज्यपाल हरिभाऊ किसन राव बागड़े ने सोमवार को जयपुर स्थित सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित समारोह में पिन्टू मीना को योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मीना ने लोकभवन जयपुर में आयोजित 'एट होम' कार्यक्रम में फोटो सेशन में भी भाग लिया। सहायक कृषि अधिकारी पिन्टू लाल मीना आधुनिक कृषि तकनीक, फसलों के बेहतर उत्पादन, उन्नत एवं संरक्षित खेती तथा विभिन्न कृषि योजनाओं से संबंधित जानकारी सोशल मीडिया एवं अन्य प्रभावी माध्यमों के जरिए देशभर के किसानों तक नियमित रूप से पहुंचाते हैं। उनके मार्गदर्शन से अनेक किसानों को योजनाओं का लाभ मिला है तथा तकनीकी ज्ञान से फसल उत्पादन एवं आय में वृद्धि हुई है, जिससे किसानों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन आया है। कृषि विस्तार के क्षेत्र में नवाचार एवं डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग के लिए पिन्टू लाल मीना को पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में भी किसानों को प्रशिक्षण देने तथा कृषि में सोशल मीडिया की भूमिका पर मार्गदर्शन हेतु आमंत्रित किया जा चुका है। उन्हें विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय मंचों पर कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।

# विराट हिंदू सम्मेलन में सामाजिक समरसता व राष्ट्रवाद की उठी गूंज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** महाराणा प्रताप बस्ती में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता गोविंद, अखिल द्विवेदी व विशिष्ट अतिथि साहिल एक्स मुस्लिम रहे। तीनों वक्ताओं ने एक सुर में राष्ट्र की एकता, अखंडता व सामाजिक समरसता पर बल दिया। मुख्य वक्ता गोविंद ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हम सभी के लिए स्वाभिमान और साहस का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुडने एवं समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का आह्वान किया। अखिल द्विवेदी ने धर्म और संस्कृति के संरक्षण पर चर्चा करते हुए कहा कि एकजुटता ही हमारी सबसे बडी शक्ति है। उन्होंने शिक्षा और नैतिक मूल्यों के उत्थान को समाज की प्राथमिकता बताया। साहिल ने सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर देश की तरक्की के लिए काम करना चाहिए और आपसी भेदभाव को मिटाकर मानवता की सेवा करनी चाहिए। संयोजक सर्वेश द्विवेदी ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य बस्ती के निवासियों के बीच एकता की भावना को सुदृढ़ करना और महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुँचाना था।

# रामेश्वर धाम के आधुनिकीकरण एवं विकास के लिए 12.68 करोड़ रुपये स्वीकृत

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राज्य सरकार ने जिले के खंडार विधानसभा क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध धार्मिक एवं आस्था के केंद्र रामेश्वर धाम के आधुनिकीकरण एवं समग्र विकास के लिए 12.68 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। राज्य बजट वर्ष 2025-26 की घोषणा के क्रम में यह स्वीकृति दी गई है। विधायक जितेंद्र गोठवाल ने बताया कि वे पिछले दो वर्षों से रामेश्वर धाम एवं रामेश्वर घाट के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत थे। इसके परिणाम स्वरूप अब यह महत्वपूर्ण परियोजना पूरी हो सकेगी। सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय से लगभग 45 किलोमीटर दूर स्थित रामेश्वर धाम न केवल राजस्थान बल्कि देशभर में आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां हजारों वर्ष पुराना महादेव मंदिर स्थित है, जो बनास, चंबल एवं सीप नदियों के संगम पर होने के कारण त्रिवेणी संगम के नाम से भी प्रसिद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास में रामेश्वर धाम में विशाल मेला आयोजित होता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु दर्शन एवं स्नान के लिए आते हैं। पूर्व में महिलाओं के लिए पृथक स्नान व्यवस्था, शौचालय, स्नानघर, बैठने की सुविधा, पार्किंग एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव होने से श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना करना पड़ता था। स्वीकृत परियोजना के अंतर्गत रामेश्वर धाम में घाटों की मरम्मत एवं नवीन घाटों का निर्माण, मंदिर का जीर्णोद्धार एवं रंग-रोगन, भूमि समतलीकरण, पेंटिंग, शौचालय एवं स्नानघर निर्माण, विद्युतीकरण एवं प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग सहित अन्य आवश्यक विकास कार्य कराए जाएंगे। इन कार्यों से रामेश्वर धाम के स्वरूप में व्यापक सुधार होगा और श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि इन विकास कार्यों से रामेश्वर धाम की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को नई मजबूती मिलेगी तथा क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के श्रद्धालुओं और आमजन के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात है।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

# गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय महापर्व है- प्रीति मीणा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह कृषि उपज मंडी प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम प्रीति मीणा ने ध्वजारोहण करके किया। मुख्य अतिथि एसडीएम प्रीति मीणा ने परेड का निरीक्षण करके सलामी ली। एसडीएम प्रीति मीणा ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय महापर्व है। जो भारत के संविधान को अपनाने और देश के गणतंत्र में परिवर्तन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागु हुआ था। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस भारत के संविधान की प्रस्तावना का मूल पाठ है। गणतंत्र दिवस एक समृद्ध,



सुरक्षित और साहसिक नए भारत के निरंतर उदय के लिए मनाया जाता है। इस दौरान उन्होंने गणतंत्र दिवस के महत्व, भारत के इतिहास व देशभक्ति की भावना पर विस्तृत जानकारी प्रदान की साथ ही अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए देश को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने व प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा करते हुए एक सुरक्षित एवं स्वच्छ भारत को आने वाली पीढी को प्रदान करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। समारोह में सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राजस्थानी लोक गीत, देशभक्ति गीत, एकल नृत्य सहित सामूहिक रूप से कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एकाएक मनमोहक प्रस्तुतियां दी। गणतंत्र दिवस पर विधायक रामसहाय वर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी व शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा के सानिध्य में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने गांधी पार्क में गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि करके शास्त्री पार्क में पंण्डित हीरालाल शास्त्री की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इसी प्रकार डाक बंगले में भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विधायक रामसहाय वर्मा, पालिकाध्यक्ष दिलीप इसरानी व शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा ने ध्वजारोहण किया। इसी प्रकार नगरपालिका कार्यालय पर विधायक रामसहाय वर्मा, पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी व अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट, पंचायत समिति कार्यालय पर विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव, पटेल रोड कांग्रेस कार्यालय पर ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल जाट व शहर अध्यक्ष एडवोकट सतीश शर्मा ने झंडारोहण किया। इसी प्रकार अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायालय में मुख्य अतिथि तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष व अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश सृष्टि चौधरी, तहसील कार्यालय में तहसीलदार नरेशकुमार गुर्जर, पुलिस वृत्ताधिकारी कार्यालय पर डीवाईएसपी रविप्रकाश शर्मा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर सीबीईओ मंजू मीणा ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान शहर सहित सभी गांवों के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों व अटल सेवा केन्द्रों पर ध्वजारोहण करके गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

# जिले में 31 जनवरी तथा 1 फरवरी को ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे ग्राम उत्थान शिविर

## 12 विभागों की योजनाओं की मिलेगी जानकारी, मौके पर होंगी स्वीकृतियां

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राज्य सरकार द्वारा ग्राम-2026 (ग्लोबल राजस्थान एग्री-टेक मीट-2026) की तैयारियों एवं ग्रामीण उत्थान को गति देने के उद्देश्य से अलवर जिले के गिरदावर सर्किल पर आयोजित किए जा रहे एक दिवसीय विशेष ग्राम उत्थान शिविरों के अंतर्गत 31 जनवरी तथा 1 फरवरी को विशेष ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि 31 जनवरी को उपखण्ड रैणी के गिरदावर सर्किल डेरा के अटल सेवा केंद्र में, उपखण्ड अलवर के गिरदावर सर्किल शाहपुर के अटल सेवा केंद्र, उपखण्ड राजगढ के गिरदावर सर्किल टहला के आईटी केंद्र, उपखण्ड लक्ष्मणगढ के गिरदावर सर्किल दीनार के अटल सेवा केंद्र, उपखण्ड गोविन्दगढ के गिरदावर सर्किल नसवारी के अटल सेवा केंद्र, उपखण्ड थानागाजी के गिरदावर सर्किल सालेटा के अटल सेवा केंद्र, उपखण्ड कठूमर के गिरदावर सर्किल रौनीजाथान के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र एवं रामगढ उपखण्ड के गिरदावर सर्किल धनेटा के अटल सेवा केंद्र में शिविर आयोजित होंगे।


इसी प्रकार 1 फरवरी को उपखण्ड रैणी के गिरदावर सर्किल माचाडी के अटल सेवा केंद्र में, उपखण्ड अलवर के गिरदावर सर्किल कस्बाडहरा के अटल सेवा केंद्र, उपखण्ड राजगढ के गिरदावर सर्किल राजपुरबडा के आईटी केंद्र, उपखण्ड लक्ष्मणगढ के गिरदावर सर्किल खोहरा मलावली के अटल सेवा केंद्र, उपखण्ड थानागाजी के गिरदावर सर्किल समरा के अटल सेवा केंद्र, उपखण्ड कठूमर के गिरदावर सर्किल बडोदाकान के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र एवं रामगढ उपखण्ड के गिरदावर सर्किल बाम्बोली के अटल सेवा केंद्र में शिविर आयोजित होंगे।

कृषि विपणन विभाग द्वारा पीएमएफएमई के आवेदन तैयार करना, मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के आवेदनों का निस्तारण तथा किसान विश्राम स्थल निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना अंतर्गत पंजीकरण, पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, पशु आहार एवं खनिज मिश्रण वितरण तथा गौशाला विकास योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। डेयरी (आरसीडीएफ) विभाग द्वारा पीडीसीएस/डीसीएस पंजीयन, नवीन सदस्यता, सरस बूथ एवं मार्ट आवंटन तथा सहकारी ऋण से संबंधित कार्य किए जाएंगे। मत्स्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का प्रचार-प्रसार एवं फार्म पॉण्ड में मछली पालन की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

### शिविरों में ये होंगे काम

जिला कलक्टर ने बताया कि कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा तारबंदी, डिग्गी, पाइपलाइन, फार्म पॉण्ड, फव्वारा एवं ड्रिप, प्लास्टिक मल्च, सौर पंप संयंत्र की स्वीकृतियां, बैलों से खेती करने पर 30 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि, फसल बीमा एवं एमएसपी की जानकारी, आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन, सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण, सोलर पंप एवं पॉलीहाउस के आवेदन तैयार करने सहित बीज एवं मिनी किट वितरण का सत्यापन किया जाएगा। कृषि विपणन विभाग द्वारा पीएमएफएमई के आवेदन तैयार करना, मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के आवेदनों का निस्तारण तथा किसान विश्राम स्थल निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना अंतर्गत पंजीकरण, पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, पशु आहार एवं खनिज मिश्रण वितरण तथा गौशाला विकास योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## श्री जगन्नाथ मंदिर में सजी तिरंगामय झांकी, उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** जन-जन की आस्था का केंद्र चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन हुआ। इस मौके पर श्री जगन्नाथ जी महाराज एवं खाटू श्याम बाबा को आकर्षक तिरंगामय झांकी के रूप में भव्य रूप से सजाया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मंदिर महंत पूर्ण दास एवं पंडित मदन मोहन शास्त्री ने बताया कि सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में तांता लगा रहा। भक्तों ने भगवान की नयनाभिराम झांकी के दर्शन कर देश की सुख-समृद्धि एवं अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर देशभक्ति और भक्ति भाव से ओतप्रोत नजर आया। कार्यक्रम में एडवोकेट महेंद्र प्रसाद तिवारी, कन्हैया लाल लखेरा, हरिओम गुप्ता, मनोज शर्मा,पुनीत शर्मा (एडवोकेट),नमन, गायत्री देवी, मीनू खूंटेटा, मयूर खंडेलवाल, अमन पवार, मुकुल बढ़ाया, प्रदीप शर्मा,राजेंद्र सराफ, तारा सोनी,पुनीत राजेश सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे आस्था और राष्ट्रभक्ति का अनुपम संगम बताया।

## विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों ने पकड़ा जोर, 1 फरवरी को होगा भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** बामन टुंकड़ा स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 1 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने पर विस्तृत मंथन किया गया।बैठक के दौरान आयोजन से जुड़ी सभी प्रमुख व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई और अलग-अलग जिम्मेदारियाँ कार्यकर्ताओं को सौंपी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनसंपर्क, व्यवस्थापन, शोभायात्रा, मंच संचालन सहित विभिन्न समितियों का गठन किया गया। आयोजकों ने कहा कि विराट हिन्दू सम्मेलन समाज को एकजुट करने और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का माध्यम बनेगा। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से आयोजन को सफल बनाने के लिए तन-मन-धन से सहयोग करने का आह्वान किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में समाजजन व कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

## 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत प्रतापगढ में आयोजित हुआ खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान के तहत आज पुराना मैन बाजार प्रतापगढ में खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजन कर ऑनलाइन आवेदन कराकर 85 खाद्य लाइसेंस/पंजीयन जारी किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर में किराना, खाद्य एजेन्सी, दूध विक्रेता, डेयरी/चाट ठेले, फल सब्जी विक्रेता, अनाज व फल सब्जी मंण्डी के थोक विक्रेता एवं खुदरा विक्रेता, होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई निर्माता एवं कैटरिंग सर्विस, दवा विक्रेता, शराब विक्रेता एवं खाद्य पदार्थ निर्माताओं के लाइसेंस/पंजीयन जारी किए गए। 28 जनवरी को शिवाजी पार्क सब्जी मण्डी में आयोजित होगा खाद्य लाइसेंस/पंजीयन शिविर उन्होंने बताया कि 28 जनवरी को अग्रेसन सर्किल नई सब्जी मंडी स्थित शिव मंदिर के पास प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक ख ाद्य लाइसेंस/पंजीयन शिविर आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य लाइसेंस/पंजीयन अपने वार्षिक टर्नओवर एवं दैनिक उत्पादन क्षमता के अनुसार कराया जाना आवश्यक है।

## धामिक एवं सामाजिक कार्यक्रम एकता, बंधुत्व व आपसी भाईचारे देते है मजबूती - गृह राज्यमंत्री बेढम



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने आज रैणी तहसील के ग्राम टहटडा में बालाजी बाबा के पावन धाम पर 51 फ़ीट विशाल ध्वजारोहण एवं भव्य ढ़ाचा दंगल समारोह तथा ग्राम दौरोली में आयोजित धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम में शिरकत की। गृह राज्यमंत्री श्री बेढम ने उपस्थित जनसमूह को संबंधित करते हुए कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में हमारी संस्कृति, आस्था और सामाजिक एकता की जीवंत झलक देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन ना केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक हैं, बल्कि सामाजिक समरस्ता, सांस्कृतिक गौरव और जन-जन के विश्वास का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणजनों का स्नेह, अपनत्व और विश्वास ही मेरी जन सेवा की सबसे बड़ी प्रेरणा है जनसेवा, जनसंवाद और जनकल्याण का यह क्रम निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि देश के विकास के साथ-साथ हमारी संस्कृति व विरासत का संरक्षण जरूरी है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास की दिशा में आगे बढकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार देश की संस्कृति को बढाने, युवाओं व किसानों की समृद्धि के लिए निरन्तर सकारात्मक भाव से काम कर रही है। इस दौरान सरस डेयरी के पूर्व चेयरमैन श्री बन्नाराम मीणा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## केलवा के शांतिनगर में गूंजी भागवत महिमा निर्मल राम महाराज बोले'हंसते हुए किए गए पापों का फल रोते हुए भोगना पड़ता है'

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** केलवा के शांतिनगर क्षेत्र में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा इन दिनों श्रद्धा और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बनी हुई है। कथा के सातवें दिन भक्ति का ऐसा सैलाब उमड़ा कि पूरा पांडाल 'जय श्रीकृष्ण' के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। कथा व्यास निर्मल राम महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से धर्म, कर्म और सत्य का गूढ़ संदेश देते हुए श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।कथा के दौरान महाराज ने कहा कि भागवत कथा का श्रवण केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि पूर्वजन्मों के संचित पापों को नष्ट करने वाली दिव्य साधना है। उन्होंने जीवन के कर्म-सिद्धांत को स्पष्ट करते हुए कहा मनुष्य पाप करते समय हंसता है, लेकिन जब उसका फल भोगने का समय आता है तो वही पाप उसे रोने पर मजबूर कर देता है।

उन्होंने अहंकार और अधर्म से दूर रहकर धर्म के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए निर्मल राम महाराज ने 16,108 विवाहों के आध्यात्मिक रहस्य को उजागर किया। उन्होंने बताया कि यह कोई सांसारिक भोग नहीं, बल्कि अधर्म के विनाश और करुणा की स्थापना का दिव्य उदाहरण है। साथ ही बाणासुर वध प्रसंग के माध्यम से यह संदेश दिया कि शक्ति और वैभव का अहंकार अंततः पतन का कारण बनता है, जबकि सत्य और धर्म की सदैव विजय होती है।कथा के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भजन-कीर्तन में झूम उठे। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से भामाशाह नरेंद्र बोहरा, हेमराज सिंधल, नानालाल, नाथूलाल, बालूराम तेली, मांगीलाल तेली, बंसीलाल तेली, परशुराम, रतनलाल व नंदलाल तेली मौजूद रहे। वहीं शांताबाई, ताराबाई, कंचन देवी, राधा देवी और सुनीता सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।संध्या समय भव्य महाआरती के साथ सातवें दिन की कथा का विश्राम हुआ। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि क्षेत्र में शांति, सद्भाव और नैतिक चेतना के प्रसार का सशक्त माध्यम भी सिद्ध हो रहा है।

## समाजसेवी गुप्ता जिला स्तर पर हुए सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** 77 वें गणतन्त्र दिवस समारोह के अंतर्गत कुल 24 लोगो को उत्कृष्ट कार्यो हेतु सम्मानित किया गया है जिसमे इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर की सेंट जॉन एम्बुलेंस इंडिया अलवर शाखा के चेयरमैन गिरीश गुप्ता को सरकारी कार्यक्रमों में सहयोग एवं सामजिक सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान के लिए जिला स्तरीय सम्मान से इन्दिरा गाँधी स्टेडियम में नवाजा गया ! गिरीश गुप्ता इस अवार्ड के लिए अपने माता पिता का आशीर्वाद एवं डॉ. एस.सी. मित्तल एवं अलका मित्तल जी को पूरा सहयोग एवं दिशानिर्देशन को श्रेय दिया है। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर शाखा के सचिव डॉ रूप सिंह ने बताया कि गिरीश गुप्ता बहुत ही कर्मठ, जुझारू, सेल्फ मोटीवेट व्यक्तित्व के धनि है जिनको कोई भी काम मिल जाए अपने पूरे डैडीकेशन से करते है ।

अलवर के कोई भी सरकारी कार्यक्रम हो जैसे कोरोना काल में जिला कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह जी ने गिरीश गुप्ता को कोरोना फाइट टीम का कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया था खुद मित्तल हॉस्पिटल के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेटर पद पर रहते हुए पूरे हॉस्पिटल को भी संभल रखा था वही प्रशासन द्वारा डी गयी जिम्मेदारी को भी पूरी तरह निभाया जहाँ लोग घरो में बैठे हुए थे वही गिरीश गुप्ता ने टीम के साथ मिलकर 25000 - 30000 पैकेट्स खाने के प्रतिदिन वितरण एवं भामाशाहो से सम्पर्क करके



खाध्य सामग्री एकत्र करवाने में अहम् भूमिका निभाई थी प्रतिदिन 18 घंटे से ज्यादा काम किया लेकिन कोरोना की चपेट में सावधानी बरतने के कारण नहीं आये । इसके अलावा जिला कलेक्टर मुक्तानन्द अग्रवाल जी के समय से टूरिज्म डिपार्टमेंट की डिप्टी डायरेक्टर टीना यादव जी के साथ मत्स्य उत्सव, राजस्थान उत्सव, पुस्तक मेला, अन्तर्राष्ट्रीय योगा डे सभी कार्यक्रमों में इनकी महत्वपूर्ण सहभागिता रही है । इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी अलवर शाखा के चेयरमैन डॉ एस सी मित्तल ने बताया कि गिरीश गुप्ता ना सिर्फ सरकारी कार्यक्रमों में सहयोग एवं सामजिक सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान के लिए जिला स्तरीय सम्मान के हकदार बने है बल्कि अब तक स्वयं ने 74 बार स्वेच्छिक रक्तदान एवं 100 बार सिंगल सोनार प्लेटलेट देकर एक मानवता का धर्म निभाया है ।

## 2 साल की बेटी के सामने मां ने किया सुसाइडःकमरे में अकेली रोती रही बच्ची, परिवार का आरोप- पति ने हत्या कर लटकाया

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर में महिला ने 2 साल की बेटी के सामने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। कमरे में मां को फंदे से लटका देखकर बेटी रोती रही। पति घर पहुंचा तो कमरा अंदर से बंद था। पति गेट तोड़कर अंदर घुसा तो पत्नी फंदे से लटकी हुई थी। घटना खेड़ली कस्बे में बाईपास रोड स्थित सूर्यनगर कॉलोनी, वार्ड नंबर 19 की सोमवार दोपहर ढाई बजे की है। मामले में मृतका के पिता ने मृतका के पति व सास के खिलाफ दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर उसकी हत्या कर देने और सबूत नष्ट करने के लिए उसकी लाश को फंदे पर लटकाने के संबंध में लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत की है। कमरे के अंदर रो रही थी छोटी बेटी पति वीरपाल ने बताया- मैं बाईपास रोड पर बिजली घर के पास एक दुकान में कबाड़ का काम करता हू। सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे घर गया था। तब मेरी बड़ी बेटी (3) साथ में दुकान पर आ गई थी। मैं काम से मार्केट की ओर चला गया। घर पर पर पत्नी सपना (26) और छोटी बेटी (2) थे।

## राष्ट्रीय बास्केटबॉल में साहडोली की डॉ दीपिका अरोड़ा ने दिलाया राजस्थान को स्वर्ण पदक

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** 26 जनवरी साहडोली महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में बड़ी जोर शोर से गणतंत्र दिवस व वार्षिक उत्सव मनाया गया जिसमें प्रधानाचार्य राजकुमार सोनी ने बताया कि आजादी के बाद प्रथम बार 69 वर्षों में राजस्थान को 69 वीं राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता 19 वर्षीय छात्रा में स्वर्ण पदक दिलाकर स्वर्णिम इतिहास रचने वाली *प्रशिक्षका दीपिका अरोड़ा का गांव के सरपंच आशु खां सरपंच सपात खां, दीनू काका ,सीताराम , विधायक प्रत्याशी शिवदयाल सैनी द्वारा सम्मान किया गया व आप सबके द्वारा बोर्ड परीक्षा में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक प्रदान किया गया खेलों में अव्वल आने वाली रिहाना को भी सम्मानित किया गया स्टाफ सचिव हसन,फतेह खान व स्टाफ सदस्यों द्वारा बड़ा ही हर्ष व्यक्त किया गांव के सरपंच आसु खां द्वारा विद्यालय के लिए मिष्ठान की व्यवस्था की गई व साथ ही इस अवसर पर विद्यालय के कर्मचारी धर्मेंद्र गुप्ता को उनकी सेवाओं के लिए भी सम्मानित किया गया काफी संख्या में ग्राम वासियों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई व कार्यक्रम



का मंच संचालन गीत गुर्जर व डॉ दीपिका अरोड़ा ने किया।

## बारिश से बढ़ी ठंड, मकान पर गिरी बिजली, ओले गिरे

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़( अलवर )।** राजगढ़ सहित आसपास के क्षेत्र में मंगलवार सुबह से ही घना कोहरा और बादल छाए रहे। क्षेत्र में सुबह से ही हल्की बूंदाबांदी हुई, उसके बाद तेज बारिश शुरू हो गई। कोहरे के कारण विजिबिलिटी घटकर करीब 80 मीटर रह गई, जिससे सड़क पर चलने वाले वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि शीतलहर का प्रभाव कुछ कम हुआ है, लेकिन ठंड से कंपकंपी अब भी बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार जिले में तेज बारिश होगी। जिले के कुछ क्षेत्रों में कोहरा अधिक घना रहा, जबकि कहीं हल्का कोहरा देखने को मिला। रैणी सहित आसपास के क्षेत्र में मंगलवार को ओले गिरने से फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। इस समय सरसों की फसल में दाने आने से पहले झुकाव की स्थिति बनी हुई है और तेज बारिश होने पर फसल के जमीन पर लेट जाने का खतरा है। वहीं गेहूं



की फसल के लिए यह बारिश फायदेमंद मानी जा रही है। वहीं अलवर जिले में न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जबकि अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। सोमवार सुबह जिले के कई इलाकों में पाला (बर्फ) जमने से तापमान 2.2 डिग्री तक गिर गया था। वहीं कस्बे के मेला का चौराहा स्थित एक मकान पर बिजली गिरने से दिवार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही की जान माल की कोई हानि नहीं हुई। सुबह से बारिश होने के कारण ठंड बनी रही।

## दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप 'अनुभव' का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**नई कार्यकारिणी ने ली सेवा व दायित्व की शपथ, कंबल वितरण व पेंशन योजना का शुभारंभ**



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (श्याम प्रसाद गौड)।** गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप 'अनुभव' का शपथ ग्रहण समारोह जैन जनउपयोगी भवन, आरोग्य नगर में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुरेश चांदवाड़ ने अशोक जैन 'जोरा' को अध्यक्ष, विमल कुमार जैन को सचिव तथा इंजीनियर प्रकाशचंद जैन को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर 25 पदाधिकारियों एवं 7 नवसदस्यों ने भी सेवा व दायित्व की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन फेडरेशन के राष्ट्रीय अतिरिक्त महासचिव जे.के. जैन ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व न्यायाधीश एस.के. जैन उपस्थित रहे। अध्यक्षीय उद्बोधन में अशोक जैन 'जोरा' ने यंग सीनियर सिटीजन स्पिरिट के साथ समाजसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। मुख्य अतिथि एस.के. जैन ने समूह द्वारा वर्षभर किए गए सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए 'अनुभव' ग्रुप की सदस्यता ग्रहण की। समारोह के दौरान प्रदीप पाटनी के सौजन्य से जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बज ने गत वर्ष की गतिविधियों व उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। धर्मचंद काला के सहयोग से तीन जरूरतमंद महिलाओं के लिए ?3,000 प्रतिमाह पेंशन योजना का शुभारंभ किया गया। साथ ही समूह की डायरेक्टरी का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से हुआ तथा समापन शांति पाठ के साथ किया।

## विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर निकाली गई प्रभात फेरी



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (श्याम गौड)।** रघुनाथ चौक, रामपुरा बाजार में आगामी 2 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर रविवार को जागरूकता अभियान के तहत प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में सनातन प्रेमियों ने सहभागिता की और भगवान के भजनों, रामधुन एवं धार्मिक श्लोकों के साथ क्षेत्रवासियों को सम्मेलन में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का संदेश दिया। वरिष्ठ नेता पंकज मेहता ने बताया कि रामपुर में आयोजित होने वाला यह विशाल हिंदू सम्मेलन समाज में समरसता, सेवा और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक होगा। उन्होंने कहा कि हिंदू सम्मेलन जैसे आयोजन हमें देश व समाज के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाते हैं और सेवा भावना को सशक्त करते हैं। पंकज मेहता ने बताया कि सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं तथा हर परिवार तक हिंदू सम्मेलन का संदेश पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस सम्मेलन में महिलाओं की भी बड़ी संख्या में सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। प्रभात फेरी रामपुरा क्षेत्र के मुख्य मार्गों से निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं सामाजिक कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

## सेवा, समरसता और संस्कारों का संगम बना सामूहिक विवाह सम्मेलन



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** इनरव्हील क्लब ऑफ कोटा के तत्वावधान में चौदहवां नि:शुल्क सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन रोटरी बिनानी भवन में गरिमामय वातावरण में किया गया। सम्मेलन में 16 नवविवाहित जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक हिन्द रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। क्लब अध्यक्ष चारू जैन ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सम्मानपूर्वक वैवाहिक संस्कार संपन्न कराने में सहयोग करना है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इनरव्हील प्रांत-305 की प्रांतीय चेयरमैन बिंदु गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि प्रांतीय सचिव रचना शाह रहीं। एसोसिएशन काउंसिल मेंबर स्वाति गुप्ता ने नवदम्पतियों को शुभकामनाएं दीं। प्रांतीय चेयरमैन बिंदु गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। सचिव नीरजा कोहली ने बताया कि प्रात: बारात निकासी से लेकर वरमाला, पाणिग्रहण संस्कार एवं विदाई तक सभी रस्में विधिवत सम्पन्न हुईं। कार्यक्रम समन्वयक पूनम गोयल एवं सह-समन्वयक नीता जैन ने बताया कि सभी नवदम्पतियों को कन्यादान स्वरूप मंगलसूत्र, वस्त्र, फर्नीचर, बर्तन एवं घरेलू उपयोग की सामग्री भेंट की गई। मध्यप्रदेश व राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों से आए जोड़ों ने विवाह संस्कार पूर्ण किए। आभार सचिव नीरजा कोहली ने व्यक्त किया।

# प्राकट्य स्थल पर संचालित ट्रस्ट की आवश्यक बैठक गोपनीय तरीके से सम्पन्न

## दो सत्रों में हुई बैठक का एजेण्डा भी नहीं हुआ सार्वजनिक

**ट्रस्ट ने इस बैठक को बनाया वीवीआईपी, सिर्फ प्रवेश पत्र के माध्यम से ही दिया प्रवेश, देवस्थान विभाग के अधीन ट्रस्ट को देने पर सदस्यों की बनी आम सहमति**

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़ (विवेक वैश्णव)।** प्रसिद्ध कृष्ण धाम श्री साँवरिया सेठ प्राकट्य स्थल बागुण्ड पर संचालित ट्रस्ट की एक आवश्यक बैठक मंगलवार को गोपनीय तरीके से सम्पन्न हुई। बैठक को वीवीआईपी बैठक के तर्ज पर इतना गोपनीय बनाया गया कि बैठक का एजेंडा तक ना तो सार्वजनिक किया गया और सदस्यों को भी प्रवेश पत्र के माध्यम से ही बैठक में सम्मिलित करने दिया गया। अपने इस रवैये को लेकर श्री साँवरिया सेठ प्राकट्य स्थल बागुण्ड पर संचालित ट्रस्ट पुनः चर्चाओं में आ गया हैं। विगत लंबे समय से आस पास के छह गांवों के ग्रामीण इस ट्रस्ट को देवस्थान विभाग के अधीन संचालित करने की मांग कर रहे है और मंगलवार को ग्रामीणों की यह मांग और सपना पूरा हुआ तथा ट्रस्ट के सदस्यों ने मंगलवार सुबह हुई बैठक में ट्रस्ट को देवस्थान विभाग के अधीन संचालित करने पर आम सहमति बनाई तथा मंगलवार दोपहर को ही आयोजित दूसरी बैठक में देवस्थान विभाग के अधीन संचालित करने के लिए आवश्यक मसौदा तैयार कर जिला कलेक्टर को भी शीघ्र भिजवाने का निर्णय लिया।



चित्तौड़गढ़-1, श्रीसांवलिया जी गेस्ट हाऊस (प्राकट्य स्थल) पर आयोजित बैठक में जाते ग्रामीण प्रतिनिधि एवं उनको रोकते हुए पुलिस जाब्ता।

### ट्रस्ट ने इस बैठक को बनाया वीवीआईपी

श्री साँवरिया सेठ प्राकट्य स्थल बागुण्ड पर संचालित मौजूदा ट्रस्ट की ओर से 17 जनवरी को एक सूचना सदस्यों को जारी की गई थी कि 27 जनवरी को प्रात: 11 बजे कार्यालय में एक आवश्यक बैठक आयोजित की जा रही है और इस बैठक में सदस्यों को प्रवेश पत्र के माध्यम से ही प्रवेश दिया जायेगा। स्थानीय निकाय यथा जिला परिशद्, पंचायत समिति या अन्य नगर निकाय की बैठकों में भी कभी इस तरह की पास व्यवस्था नहीं होती है। श्री साँवरिया सेठ प्राकट्य स्थल बागुण्ड पर संचालित ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने इस बैठक को वीवीआईपी से अधिक बनाते हुए इतनी गोपनीयता बरती कि सदस्यों को बैठक में पहुंचने पर ही बैठक का एजेंडा पता चल सका।

### मीडिया के प्रवेश को भी किया वर्जित

श्री सांवलिया सेठ प्राकट्य स्थल बागुण्ड पर संचालित ट्रस्ट की मंगलवार को आयोजित कार्यकारिणी बैठक में मीडिया के प्रवेश को भी प्रतिबन्धित किया गया। बैठक में सिर्फ उन्ही लोगों को प्रवेश दिया गया जिन्हे पूर्व में पास जारी किया गया था। मीडिया, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं कुछ अधिवक्ताओं को परिसर में भी नही घुसने दिया गया। भदेसर वृत्ताधिकारी विनोद कुमार मय भादसौड़ा थानाधिकारी महेन्द्र सिंह एवं जाप्ते के साथ मौके पर माकूल व्यवस्था के लिए मौजूद रहे। श्री साँवरिया सेठ प्राकट्य स्थल बागुण्ड पर संचालित ट्रस्ट के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का मंगलवार को भी रूखा रवैया रहा। ट्रस्ट द्वारा बुलाई गई बैठक के दौरान ग्राम पंचायत भादसौड़ा के प्रशासक षंभुलाल सुथार, विश्व हिन्द परिशद् के प्यारचंद सेन सहित कई अधिवक्ताओं, ग्रामीणों एवं मीडिया ने बैठक को लेकर जानकारी लेनी चाही लेकिन अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने बड़ी बेरूखी से सिर्फ इतना कहा कि ट्रस्ट को देवस्थान विभाग के अधीन देने पर सहमति बन गई है और बाकी बातों से आपका कोई लेना देना नही है। पदाधिकारियों ने तो इतना तक कहा कि यह बैठक सिर्फ सदस्यों के लिए थी मीडियाकर्मी एवं अन्य प्रतिनिधि इस बैठक के लिए अपेक्षित नही है। ट्रस्ट के पदाधिकारियों का इस तरह का रवैया दर्शाता है कि वे सरकार से भी ऊपर है क्योंकि आज तब सरकारी तंत्र ने भी कभी बैठकों में इस तरह से मीडिया को प्रतिबंधित नही किया है।

## गणतंत्र दिवस पर मुख्यालय सहित विभिन्न स्तरों पर कार्मिक सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राणा प्रताप सागर विद्युत गृह में कार्यरत कार्मिकों को उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्यों के लिए विभिन्न स्तरों पर सम्मानित किया गया।

विद्युत भवन, जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में राणा प्रताप सागर विद्युत गृह में कार्यरत तकनीशियन रामजी प्रसाद को ऊर्जा सचिव अजिताभ शर्मा एवं राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक देवेन्द्र कुमार श्रृंगीद्वारा प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। चित्तौडग़ढ़ में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री गौतम दक, सांसद चन्द्र प्रकाश जोशी एवं जिला कलेक्टर आलोक रंजन द्वारा कनिष्ठ अभियंता शिव ओम मीना को पूर्ण जलमग्न विद्युत इकाइयों के पुनः संचालन में किए गए उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। इसी क्रम में उत्पादन वृत्त कोटा के जिला स्तरीय समारोह में अधीक्षण अभियंता संदीप पारख द्वारा विद्युत गृह के कनिष्ठ अभियंता भानु प्रकाश सोनी एवं तकनीशियन जगदीश पंवार को सम्मानित किया गया। वहीं उपखंड स्तरीय समारोह में अतिरिक्त जिला कलेक्टर विनोद मल्होत्रा द्वारा तकनीशियन राजकुमार आमेटा, कैलाश मेघवाल एवं रामेश्वर तेली को उल्लेखनीय सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। विद्युत गृह परिसर में आयोजित समारोह में अधिशासी अभियंता आशीष जैन द्वारा सहायक अभियंता मीना नागर, तकनीशियन चेतराम एवं सरोज, मंत्रालय कार्मिक पीयूष रावत और राजकुमार, अनुबंध कार्मिक वीरेंद्र, गुलाब चंद, प्रह्लाद बारेशा तथा सुरक्षा प्रहरियों कल्लू खान एवं श्याम लाल को वर्षभर उत्कृष्ट सेवाएं देने पर प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित इनडोर खेलों — बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज, महिलाओं के वन मिनट गेम्स एवं म्यूजिकल चेयर — के विजेता एवं उपविजेताओं को प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान किए गए। विजेताओं में अधिशासी अभियंता आशीष जैन, मीना नागर, नितिन शर्मा, सिद्धार्थ चाष्टा, अंकित गोयल, श्रद्धा जैन, भारती पुरोहित, अनुज शर्मा, भूपेंद्र सिंह, पीयूष रावत, पायल पारीक, गुंजन बैरवा, चंद्र प्रभा सोलंकी, चारु राजौरा एवं मंजू लता भाटी शामिल रहे।



## महावीर अध्ययन केंद्र पर मनाया 77 वां गणतन्त्र दिवस समारोह

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** महावीर अध्ययन केंद्र पर गणतंत्र दिवस बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में ध्वजारोहण मुख्य अतिथि जैन सेवा समिति सचिव श्री एम एल जारोली के द्वारा किया गया । कार्यक्रम में महावीर अध्ययन केंद्र के नन्हे नन्हे बच्चों द्वारा रंगारंग मनमोहक देश भक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। विशिष्ट अतिथि दिगम्बर बघेरवाल समाज मेवाड़ प्रांत अध्यक्ष श्री कल्याण जी जैन ने जैन सेवा समिति द्वारा संचालित इस स्कूल के बच्चों को निस्वार्थ सेवा भाव से शिक्षा देने के पुनीत कार्य की प्रशंसा की। जैन महामंडल उपाध्यक्ष श्री एम एल जैन सा, जैन सेवा समिति उपाध्यक्ष श्री अजीत जी शिसोदिया ,श्री कमल जी तिल्लानी, श्री कन्हैयालाल जी गोखरू, श्री मति राजेश जी जैन ,समाज सेवी श्री गोविंद जी गुप्ता एवं विजय जी नीमा ने भी अपने संबोधन में 77 वे गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए जैन सेवा समिति द्वारा गरीब व वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के इस पुनीत कार्य की सराहना करी। कार्यक्रम में सेवा समिति के अध्यक्ष श्री आशीष जी जैन ,अतिरिक्त जिला कलेक्टर महोदय श्री मान मल्होत्रा सा ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मान हिंगड़ सा, उप खंड अधिकारी मैडम कृति व्यास , हैवी वॉटर के पूर्व जी एम श्री एल सी लोढ़ा सा,आर ए पी पी 3&4अनुरक्षण अधीक्षक श्री सी पी जैन, डीटीओ चित्तौडग़ढ़, हैवी वाटर से रिटायर्ड श्री पी एम जैन सहित जैन समाज के गणमान्य नागरिको ने अपनी उपस्थिती देकर बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मान हिंगड़ सा ने अपने उद्बोधन में समाज द्वारा संचालित स्कूल में नन्हे नन्हे बच्चों को अच्छे संस्कार प्रदान कर शिक्षा देने के कार्य में सभी को हर संभव मदद देने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर वर्तमान में दुबई निवासी भामाशाह पूर्व वित्त प्रबंधक लोकेश जी तातेड द्वारा बच्चों के लिए स्कूल बैग ,जर्सी,कॉपी सेट ,बॉक्स,पेंसिल स्कूल स्टाफ के लिए ट्रॉली बैग व स्कूल के लिए खेल सामग्री डंबल्स,फुटबॉल, लेजियम आदि प्रदान किए गए । अंत में सभी बच्चों को भोजन करवा कर कार्यक्रम का समापन किया गया।



## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देशभक्ति के रंगों से सजा सिआम ऑडिटोरियम

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सिआम ऑडिटोरियम देशभक्ति के रंगों से सराबोर हो उठा। परिसर में आकर्षक और मनोहारी रंगोली सजाई गई, वहीं नन्हे-मुन्ने स्कूली विद्यार्थियों ने देशप्रेम और रंग-बिरंगी संस्कृति की सुंदर झांकियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर पीयूष समारिया सपरिवार उपस्थित रहे। उनके साथ अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) वीरेंद्र सिंह यादव, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल जोशी सहित शिक्षा एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

सांस्कृतिक संध्या में राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर संगीत विद्यालय की बालिकाओं द्वारा भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। प्रगति स्कूल के विद्यार्थियों ने बैंड वादन से देशभक्ति के तराने बिखेरे। राधा-कृष्ण रासलीला की मनोहारी प्रस्तुति ने दर्शकों का हृदय जीत लिया।

राजस्थानी संस्कृति की झलक 'केसरिया बालम आवो नी' पर पवित्रम नृत्य कला केंद्र की कठपुतली नृत्य प्रस्तुति तथा कोटा स्कूल ऑफ ड्रामा के 'रील धमाका' नाटक को खूब सराहना मिली। डीपीएस की छात्राओं के समूह नृत्य दुल्हन चली और कथक क्लासेस के विद्यार्थियों द्वारा मां तुझे सलाम पर दी गई प्रस्तुति ने देशभक्ति का भाव और प्रगाढ़ किया। मोदी पब्लिक स्कूल, इंदिरा इंटरनेशनल स्कूल, त्रिमूर्ति नृत्य कला संस्थान एवं गंधर्व नृत्य कला संस्थान की प्रस्तुतियां भी सराहनीय रहीं।



## जजावर के दीक्षांत सोनी जिला स्तर पर सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**जजावर (पदम शाह)।** कस्बे के युवा समाज सेवी दीक्षांत सोनी को 77 वें गणतंत्र दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट एवं सराहनीय सामाजिक कार्यो के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया । जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा एवं पुलिस अधीक्षक राजेंद्र मीणा ने सोनी को उनकी निस्वार्थ सेवा और सामाजिक क्षेत्र में दिए गए विशिष्ट योगदान के परिणाम स्वरुप प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है साथ ही जिला प्रशासन द्वारा जन-जागरूकता के क्षेत्र में सोनी द्वारा किए गए कार्यो की सराहना की गई है ।



## एसडीआरएफ में स्कूल एवं सरकारी भवनों की मरम्मत कार्य शीघ्र पूरे किए जाएं- कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने मंगलवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में एसडीआरएफ के तहत स्कूल एवं सरकारी भवनों की मरम्मत कार्य शीघ्र पूरे करने और जहां तकनीकी स्वीकृति नहीं दी गई है वहां स्वीकृति प्राथमिकता से देने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने खाद्य सुरक्षा योजना में लंबित आवेदनों की जानकारी ली और पेंडेंसी क्लियर करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन प्राप्त होने के बाद त्वरित गति से निस्तारित करने के निर्देश रसद विभाग के अधिकारियों को दिए। जिला कलक्टर ने पीएचईडी अभियंताओं को चिन्हित छह स्थानों पर पानी की पाइपलाइन चेक करने और जहां पानी की पाइपलाइन गुजर रही है नगर निगम अधिकारियों को वहां सफाई करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री जन सुनवाई एवं संपर्क पोर्टल से संबंधित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सडक़ योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पंच-गौरव सहित केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न फ्लेगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

श्री समारिया ने कहा कि सभी विभाग अपनी योजनाओं की वास्तविक प्रगति पोर्टल पर समय पर अपडेट करें। उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर 30 दिन से अधिक लंबित शिकायतों के त्वरित समाधान कर इसकी जानकारी अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम कुसुम योजना, कम्पोनेन्ट-बी में कार्यों की गति बढ़ाने, लाडो प्रोत्साहन योजना, पीएम आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण में गति लाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि विद्यालयों में प्रतिदिन विद्यार्थियों की एवं शिक्षकों की शत प्रतिशत ऑनलाइन उपस्थिति शाला दर्पण पोर्टल पर अपडेट हो जाए। उन्होंने ग्राम उत्थान शिविरों में जिला स्तरीय अधिकारियों की भागीदारी एवं किसानों को विभागीय योजनाओं की समस्त जानकारी उपलब्ध कराने, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम कृषि सिंचाई योजना सहित अन्य फ्लैगशिप योजनाओं में गति लाने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन वीरेंद्र सिंह यादव, एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला, केडीए सचिव मुकेश चौधरी, सीईओ जिला परिषद कमल मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी, एसडीएम लाडपुरा गजेन्द्र सिंह, सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# जिला कलक्टर ने 77वें गणतंत्र दिवस पर आरएसी ग्राउण्ड पर फहराया तिरंगा

## हमारे महापुरुषों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व किया न्यौछावर-डीएम

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** 77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आरएसी मैदान पर मुख्य अतिथि जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। समारोह के मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली एवं परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड में शामिल राजस्थान पुलिस, राजस्थान सशस्त्र पुलिस, राजस्थान गृह रक्षा दल, एनसीसी, स्काउट गाइड कब बुलबुल दल, सीनियर डिवीजन पीजी कॉलेज एवं एनसीसी की टुकडियों का निरीक्षण किया।



जिला कलक्टर ने इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं को नमन करते हुए कहा कि हमारा देश दुनिया का सबसे समृद्ध लोकतंत्र है तथा हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। समारोह में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने राज्यपाल महोदय के प्रदेश के नाम संदेश पढ़कर सुनाया।गणतंत्र दिवस के मुख्य कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई। मयूरी विशेष विद्यालय की कठपुतली नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर सभी लोगों ने विशेष बच्चों के सम्मान में करतल ध्वनि से अभिनंदन किया। विशेष बच्चों ने समारोह में मौजूद दर्शकों के मन पर गहरी छाप छोड़ी। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय, बाड़ा हैदरशाह विद्यालय, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा दी गई सहासिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को विस्मित कर दिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीद कमल सिंह की पत्नी सुशीला देवी, शहीद कम्मोद सिंह की पत्नी उर्मिला देवी, शहीद राघवेन्द्र सिंह की पत्नी अंजना सिकरवार, शहीद भागीरथ की पत्नी रंजना देवी, शहीद रणजीत सिंह की पत्नी रेखा तौमर को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर जिला कलक्टर ने सम्मानित किया और उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त की।

**गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में विभिन्न कार्यक्रमों का किया आयोजन**

कार्यक्रम में झांकी प्रदर्शन के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा महाकाल दा मास्टर ऑफ टाईम का प्रदर्शन किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मुक्त भारत एवं मा वाउचर योजना, वन विभाग द्वारा हरियालो राजस्थान एक पेड़ माँ के नाम, कृषि विभाग द्वारा कृषि एवं उद्यानिकी नवाचार ड्रोन एवं सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, न्यू रॉयल्स पब्लिक स्कूल द्वारा वंदे मातरम, महिला बाल विकास विभाग द्वारा नारी सम्मान राष्ट्र की पहचान, जिला परिषद द्वारा राजीविका, परिवहन विभाग द्वारा सडक़ सुरक्षा माह की झाकियों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर समारोह में धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाह, जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, उपखण्डाधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, सुखराम कोली, सतेन्द्र पाराशर, डॉ. शिवचरण कुशवाह सहित अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक तथा मीडिया कर्मी उपस्थित रहे। मंच संचालन गोविन्द गुरु ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# राजेश्वरी के मंदिर जीर्णोद्धार के बाद मुख्य गेट पर लगा दरवाजा

### पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा ने किया लोकार्पण, शीशम की लकड़ी से जयपुर में बनवाया



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर की राजराजेश्वरी माता मंदिर पर जीर्णोद्धार कार्य के बाद मंदिर के मुख्य गेट पर अब 2 वर्ष बाद राजशाही दरवाजा लगाया गया है। पीतल जड़ित यह दरवाजा शीशम की लकड़ी से बना है। जिसमे लोहे का कोई प्रयोग नही किया गया है। यह दरवाजा जयपुर के कारीगरों से जयपुर में ही तैयार कराया गया है और ट्रांसपोर्टेशन के जरिए बाड़ी लाया गया। पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा ने एक कार्यक्रम के दौरान उक्त दरवाजे का लोकार्पण किया और मंदिर ट्रस्ट को समर्पित किया।

कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा ने कहा कि 5 वर्ष पूर्व जब मंदिर सडक़ से थोड़ा नीचे चला गया था तो इसके जीर्णोद्धार की विशेष जरूरत थी मंदिर से जुड़ती समिति और श्रद्धालुओं के सहयोग से जब इस मंदिर के फिर से जीवन उधर की बात उठी तो लोगों ने भरपूर सहयोग दिया जिसमें पूरी बस्ती के साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का भी सहयोग है यहां तक की दूरगामी स्थान पर रहने वाले ढाणी के लोगों ने भी इसमें सहयोग किया है क्योंकि यह बाड़ी की आस्था माता रानी का मंदिर है जो बहुत पुराना है अब इस मंदिर का पूर्ण निर्माण हो चुका है और मंदिर शुभ अवस्थित एवं अच्छी स्थिति में है इस पर मुख्य दरवाजे का लोकार्पण करने का जो उन्हें सौभाग्य मिला है इसके लिए वे माता रानी के सदैव आभारी हैं। मंदिर के पुजारी राजू ने विद्यौलीया ने बताया कि मुख्य दरवाजा करीब 18 फीट ऊंचा और 12 फुट चौड़ा है। जो दो हिस्सों में बना है। इस पर लोहे की एक भी कील नहीं लगी है। सारी कारीगरी पीतल की कीलों और परतों से हुई है। शीशम की लकड़ी से इसे बनाया गया है। जयपुर की कारीगरों ने इसे कई महीनों में तैयार किया है। इसकी लागत करीब 10 लाख रुपए आई है। कार्यक्रम के दौरान मंदिर समिति के सदस्य और गणमान्यजन के साथ तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

## 77वें गणतंत्र दिवस पर गोशाला गढ़ी मंदिर के महंत शिशुपाल दास विद्यार्थी सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** देश के 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर गोशाला गढ़ी मंदिर श्रीलाल जी महाराज, गढ़ी सावलदास के महंत शिशुपालदास विद्यार्थी को जिले की सबसे उच्चस्तरीय गोशाला के रूप में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।



यह सम्मान राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर द्वारा एक भव्य एवं गरिमामय समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, संत-महात्मा तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री हीरालाल नागर जी ने अपने संबोधन में कहा कि गोशाला गढ़ी मंदिर द्वारा गो-संरक्षण, संवर्धन एवं सेवा के क्षेत्र में किया जा रहा कार्य अत्यंत सराहनीय है और समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि ऐसी गोशालाएं भारतीय संस्कृति और परंपराओं की जीवंत मिसाल हैं। सम्मान ग्रहण करते हुए महंत शिशुपाल दास विद्यार्थी ने इस उपलब्धि का श्रेय गोशाला से जुड़े समस्त सेवाभावी कार्यकर्ताओं, सहयोगियों एवं क्षेत्रवासियों को देते हुए कहा कि वे भविष्य में भी गो-सेवा के इस पुनीत कार्य को और अधिक विस्तार देंगे।

## पटवार संघ की जिला कार्यकारिणी का गठन,जिलाध्यक्ष बने वीरेंद्र सिंह गुर्जर



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** राजस्थान पटवार संघ की जिला कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन किया गया है। इसमें वीरेंद्र सिंह गुर्जर को जिलाध्यक्ष चुना गया है। भरतपुर पटवार संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष आकाश सोलंकी ने चुनाव अधिकारी के रूप में यह निर्वाचन संपन्न कराया। संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने बृजेश परमार ने बताया कि यह निर्विरोध निर्वाचन राजस्थान पटवार संघ के प्रदेश संगठन के निर्देश पर हुआ है। चुनाव अधिकारी आकाश सोलंकी ने जिले के सभी पटवारियों की बैठक ली,जिसमें डीग पटवार संघ के जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह भी सह-चुनाव अधिकारी के रूप में शामिल हुए। नवीन जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है और जिलेभर के पटवारियों ने उन पर जो विश्वास जताया है,वे उस पर खरा उतरेंगे। उनका प्रयास रहेगा कि पटवार संघ से जुड़ी समस्याओं को प्रदेश स्तर पर उठाया जाए और पटवारियों की लंबित मांगों का शीघ्र समाधान हो। गुर्जर ने बताया कि इससे पहले वे बाड़ी के दो बार निर्विरोध अध्यक्ष रह चुके हैं। इस बार संगठन ने उन्हें पूरे जिले की जिम्मेदारी दी है, जिसका वे अपनी कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों के साथ पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करेंगे। नवीन जिला कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गुर्जर के साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेश परमार, उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार शर्मा,महामंत्री रामकुमार,संयुक्त मंत्री दौलत सिंह,संगठन मंत्री विक्रम सिंह और कोषाध्यक्ष कृष्णकांत को निर्विरोध निर्वाचित किया गया है।

# खेलो से शारीरिक और मानसिक होता है विकास- अमिताभ बच्चन मीणा

### गणतंत्र दिवस पर मैत्री मैच का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के महाराणा प्रताप खेल मैदान पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक मैत्री मैच का आयोजन किया गया, जो बाड़ी के सबसे पुराने क्रिकेट क्लब प्रिंस और ताज के मध्य खेला गया। आयोजन के मुख्य अतिथि शहर कोतवाल देवेंद्र शर्मा और नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी अभिताभ बच्चन मीणा रहे। वहीं आयोजक कमेटी पूर्व खिलाड़ी डॉक्टर वीरेंद्र यादव, पुष्पेंद्र विद्यौलिया,मकबूल गोरी, शौकत अली, महेंद्र परमार, छन्नू परमार, पार्षद मंगल सिंह, पूर्व वाइस चेयरमैन राजू शर्मा,श्याम रॉय की देखरेख में मैच खेला गया। रोमांचक मैच में पहले टॉस जीतकर प्रिंस क्रिकेट क्लब के कप्तान प्रमोद मुद्गल ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, जिसमें निर्धारित 16 ओवरों में 113 रनों का लक्ष्य रखा, जिसमें मुख्य भूमिका शानदार बल्लेबाजी के साथ प्रेमसिंह पोसवाल की रही,जिन्होंने 34 रनों का योगदान दिया, वहीं कप्तान इरफान अहमद के नेतृत्व में लक्ष्य



का पीछा करने उतरी ताज टीम ने अंतिम ओवर में जीत हासिल की, मैच काफी रोमांचक रहा, जिसने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा, मैच में अंपायर की भूमिका पदम पोसवाल, बिजेंद्र सिंह शारीरिक शिक्षक द्वारा निभाई गई। कॉमेंटेटर श्याम रॉय रहे। सभी खिलाडियों और आगंतुक अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर शहर कोतवाल देवेंद्र शर्मा ने कहा कि जब तक शरीर स्वस्थ हे खेलो से जुड़े रहना चाहिए, जब तक जुड़े रहोगे तो शरीर भी स्वस्थ रहेगा, इससे मानसिक तनाव तो कम होता ही है, शारीरिक मजबूती भी रहती है। ईओ अभिताभ बच्चन ने कहा कि वर्तमान में मोबाइल की आदत की वजह से नई पीढ़ी खेलो से दूर हो रही है, जबकि इस संसाधनों की कमी नहीं है, आज सीनियर खिलाडियों के मैच से नए युवाओं को उत्साहवर्धन मिलेगा, उन्होंने कहा कि इस मैदान में लाइटिंग, क्षतिग्रस्त बाउंड्री, घास आदि को लेकर जल्द ही कार्य शुरू किए जाएंगे, जिससे खिलाडियों को खेल में कोई परेशानी ना हो।

# स्कीम-10 की भूमि आवंटन का मुद्दा
# आर बी एम हॉस्पिटल को भूमि नहीं मिली तो होगा व्यापक जन आंदोलन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर विकास प्राधिकरण द्वारा स्कीम-10 की भूमि में से आर बी एम हॉस्पिटल के विस्तार हेतु आवश्यक भूमि आवंटित न किए जाने के विरोध में जन आक्रोश तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में भरतपुर शहर में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सांसद पं. राम किशन ने की। बैठक में भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग, समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता, अग्रवाल समाज से अतुल मित्तल, ब्राह्मण समाज से केदारनाथ पाराशर, जाट समाज से मोहकम सिंह, खण्डेलवाल समाज के सुरेश मेठी सहित शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं समाजों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि यदि आर बी एम हॉस्पिटल के विस्तार हेतु स्कीम-10 की भूमि शीघ्र आवंटित नहीं की गई, तो जनता के सहयोग



से एक व्यापक, शांतिपूर्ण एवं संगठित जन आंदोलन प्रारंभ किया जाएगा। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति, संगठन अथवा राजनीतिक दल का नहीं होगा, बल्कि यह भरतपुर की आम जनता का आंदोलन होगा, जिन्हें अपने परिवार, बच्चों एवं आने वाली पीढियों के स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य की चिंता है। वक्ताओं ने कहा कि भरतपुर विकास प्राधिकरण द्वारा स्कीम-10 की भूमि को बेचकर केवल राजस्व अर्जन करना विकास नहीं कहा जा सकता। वास्तविक विकास वही है जिसमें आमजन के जीवन से सीधे जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, सुविधाओं की उपलब्धता और सामाजिक दायित्वों को प्राथमिकता दी जाए। आर बी एम हॉस्पिटल भरतपुर एवं आसपास के जिलों की लाखों की आबादी के लिए जीवनरेखा है, ऐसे में उसके विस्तार को रोकना जनहित के विरुद्ध है। बैठक में आंदोलन को सुनियोजित, अनुशासित एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से संयुक्त संघर्ष समिति के गठन का भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। यह समिति प्रशासन से संवाद स्थापित करने, ज्ञापन सौंपने, जन-जागरूकता अभियान चलाने तथा आंदोलन की विस्तृत रूपरेखा तैयार करने का कार्य करेगी। बैठक में विशेष रूप से यह बात रेखांकित की गई कि जिला प्रशासन में हाल के वर्षों में पदस्थापित अधिकारियों को शहर के वरिष्ठ नागरिकों, अनुभवी समाजसेवियों एवं भरतपुर के इतिहास व जरूरतों से परिचित प्रबुद्धजनों से निरंतर संवाद कर दीर्घकालीन और जनहितकारी विकास योजनाएं तैयार करनी चाहिए, जिससे प्रशासन को स्थानीय अनुभवों और सामाजिक दृष्टिकोण का लाभ मिल सके।

# धूमधाम से मनाया गया देश का 77 वां गणतंत्र दिवस

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर में सोमवार को देश का 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। उपखंड का मुख्य समारोह शहर के महाराणा प्रताप खेल मैदान पर हुआ। जहां उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा मार्च पास्ट किया गया और शारीरिक योग एवं व्यायाम की प्रस्तुति दी गई। विभिन्न सरकारी और निजी स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा मंच पर सांस्कृतिक एवं देश भक्ति के कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी



गई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभावन छात्र,छात्राओं के साथ उत्कृष्ट कार्य करने पर 34 कार्मिको का मंच से सम्मान किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन विभिन्न सरकारी कार्यालय और निजी और सरकारी स्कूलों में भी हुआ। नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी अमिताभ मीणा ने ध्वजारोहण किया। कोर्ट परिसर में मजिस्ट्रेट आयुष गुप्ता ने ध्वज लहराया,तहसील कार्यालय में तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा ने ध्वजारोहण किया। वहीं शहर के कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा ने तिरंगा लहराया। बीजेपी कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे ने ध्वजारोहण किया। सार्वजनिक निर्माण विभाग कार्यालय पर एक्सईएन पूरन सिंह गुर्जर ने ध्वजारोहण किया। पंचायत समिति में विकास अधिकारी अनिल शर्मा ने जिला अस्पताल में पीएमओ डॉ हरिकिशन मंगल ने ध्वजारोहण किया।किले की प्राचीन पर थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने ध्वजारोहण किया। वहीं शहर में निजी और सरकारी स्कूलों में भी ध्वजारोहण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## भरतपुर के अधिराज चाहर गणतंत्र दिवस पर चित्तौड़गढ़ में सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर जिला बॉक्सिंग संघ चेयरमैन बॉक्सिंग फैडरेशन ऑफ इण्डिया थ्री स्टार रैफरी डॉ. राकेश चाहर एवं राजस्थान पुलिस बॉक्सिंग कोच सहायक उपनिरीक्षक मनीषा चाहर के पुत्र अधिराज चाहर को नेशनल आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने एवं खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर चित्तौडग़ढ़ जिला प्रशासन द्वारा इन्दिरा गांधी स्टेडियम चित्तौडग़ढ़ में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में राजस्थान सरकार में सहकारी मंत्री (स्वंतत्र प्रभार) गौतम दक, सांसद सी.पी. जोशी, विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, चित्तौडग़ढ़ जिला कलेक्टर आलोक रंजन, पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी द्वारा सम्मानित किया।



# गणतंत्र दिवस का 77वां समारोह जिलेभर में हर्षोल्लास से मनाया

### जिला स्तरीय समारोह में ऊर्जामंत्री ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज, वीरांगनाओं एवं उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)। जिलेभर में 77 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ समारोहपूर्वक मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ऊर्जामंत्री हीरालाल नागर ने तिरंगा ध्वज फहराकर मार्च पास्ट की सलामी ली। समारोह में राजस्थान पुलिस, राजस्थान सशस्त्र पुलिस, राजस्थान महिला पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी, भारत स्काउट, गाइड, पुलिस बैण्ड की टुकडियों ने परेड कमाण्डर पुलिस निरीक्षक कल्याण सिंह के नेतृत्व में मार्च पास्ट किया। पुलिस के बैण्ड की धुनवादन के साथ मुख्य



अतिथि ने परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। समारोह में माननीय राज्यपाल महोदय के संदेश का पठन अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) घनश्याम शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री ने शहीदों की 10 वीरांगनाओं का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। उत्कृष्ट कार्यों के लिए चयनित 76 छात्र-छात्राओं, खिलाडियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, अधिकारियों एवं कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में आर्मी स्कूल कंजोली के छात्र-छात्राओं ने ''मेरा रंग दे बसंती चोला'' गीत के माध्यम से शहीद भगतसिंह पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देकर देशभक्ति का संदेश दिया। टीएम स्कूल के छात्र-छात्राओं ने ''वन्दे मातरम'' गीत पर सामूहिक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा शहर के 23 विद्यालयों के 1 हजार 532 छात्र-छात्राओं द्वारा शा. शिक्षक विजय सिंह एवं तेजवीर सिंह के नेतृत्व में शारीरिक व्यायाम का प्रदर्शन किया।

**देश महाशक्ति के रूप में उभर रहा है-ऊर्जा मंत्री**

मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री ने 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि हमारी संविधान के कारण लोकतंत्र की जड़े गहरी है। सभी वर्गों विना भेदभाव के आगे बढने के समान अवसर है। उन्होंने कहा कि आज भारत प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आर्थिक, सैन्य, तकनीकी एवं विज्ञान के क्षेत्र में महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत मिशन 2047 को लेकर देश आगे बढ़ रहा है, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के साथ आधारभूत विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में हर क्षेत्र प्रगति के नये आयाम स्थापित किये जा रहे है। अनेक योजनाओं के क्रियान्वयन में देशभर में अग्रणी पायदा पर है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा व अक्षय ऊर्जा में हम आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे है।

**जिला कलक्टर राज्य स्तर पर हुये सम्मानित-**

जिला कलक्टर कमर चौधरी को जिले में सरकारी की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों को गति देने पर गणतंत्र दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में योग्यता प्रमाण पत्र से सम्मनित किया गया। महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने जिला कलक्टर कमर चौधरी को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर उत्कृष्ट सेवाओं के लिए योग्यता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया।

## राजस्थान पटवार संघ, चित्तौड़गढ़ जिला कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न, प्रमोद लोटासरा बने जिला अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** राजस्थान पटवार संघ, जिला चित्तौडग़ढ़ की जिला कार्यकारिणी के चुनाव दिनांक 26 जनवरी 2026 को पटवार विश्रांति भवन, चित्तौडग़ढ़ में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए। ये चुनाव जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप बाथरा,दिलीप दक एवं पुरुषोत्तम सोनी के नेतृत्व में तथा पटवार संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री श्याम सुंदर वैष्णव एवं उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह गुर्जर की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किए गए। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात घोषित परिणामों के अनुसार जिला कार्यकारिणी के लिए निम्न पदाधिकारियों का चयन किया गया— जिला अध्यक्ष - प्रमोद कुमार लोटासरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष - महीपाल सिंह, उपाध्यक्ष - अजय कुमार मीणा (निर्विरोध), महामंत्री -चन्द्रपाल चौधरी (सी. पी. चौधरी), संयुक्त मंत्री- माधव पांडे, संगठन मंत्री-गुंजन दाधीच,कोषाध्यक्ष - अभिषेक यादव। चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात उपस्थित पटवार साथियों द्वारा सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा उन्हें हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को सशक्त बनाने एवं पटवार साथियों के हित में सदैव निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

## न्यू स्प्रिंग डेल्स पब्लिक सैकण्डरी स्कूल में मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (प्रकाश खत्री)।** शहर के मध्य स्थित आदर्श कॉलोनी में न्यू स्प्रिंग डेल्स पब्लिक सैकण्डरी स्कूल में पारितोषिक वितरण



एवं गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन स्कूल प्रांगण में किया गया। ध्वजारोहण स्कूल के निदेशक सईद खान ने किया ओर कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी।समारोह के मुख्य अतिथि राजू दास बैरागी,अध्यक्षता नीतीश प्रजापत एवं विशिष्ट अतिथि पत्रकार प्रकाश खत्री ,गणपत गवारिया,पंकज प्रजापत,पत्रकार समीर ख़ान, रमीज़ ख़ान की उपस्थित में आयोजित किया गया।ध्वजारोहण के पश्चात स्कूल के छात्र छात्रों ने सांस्कृतिक एवं देश भक्ति के गीतों पर रंगा रंग प्रस्तुति दी और अपने नाट्य कला कार्यक्रम से जन जागरूकता का संदेश दिया। स्कूल के निदेशक सईद ख़ान ने बताया सत्र 2024-2025 में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अंग्रेजी माध्यम स्कूल में अधिकतम 92.00त्नसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र आरिश खान को सम्मानित कर स्कूल द्वारा लेपटॉप दिया गया। साथ ही इस शुभ अवसर पर स्कूल में सत्र 24-25 में उत्कृष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया और सत्र 25-26 में साहित्यिक गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्र- छात्राओं को पारितोषिक दिया गया। निम्बाहेड़ा के समाजसेवी राजु दास बैरागी द्वारा गत सत्र 24-25 में शैक्षणिक परिक्षा में उत्कृष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को पारितोषिक दिया गया। उन्होंने बताया आगामी बोर्ड के परीक्षा में भी अच्छे अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को पारितोषिक,पुरस्कृत दिए जायेगें।वही समारोह का सफल संचालन अध्यापिका गोपी प्रजापत व अक्सा खान ने मिलकर किया।

## 77वें गणतंत्र दिवस पर स्वामी विवेकानंद राजकीय विद्यालय कपासन सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह मे कैबिनेट मंत्री गौतम दक,जिला कलेक्टर आलोक रंजन एवं चितौडग़ढ़ विधायक



चंद्रभान आंक्या द्वारा स्वामी विवेकानंद राजकीय विद्यालय कपासन को शैक्षिक,सहशैक्षणिक एवं भौतिक क्षेत्र में उत्कृष्टता विकसित करने तथा ज्ञान संकल्प पोर्टल पर विद्यालय को दान हेतु सम्मानित किया गया।जिसके तहत गणतंत्र दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में स्वामी विवेकानंद राजकीय विद्यालय कपासन के प्रधानाचार्य भैरूलाल वीरवाल को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति प्रदान कर विद्यालय को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि इस मौके पर स्वामी विवेकानंद राजकीय विद्यालय दामाखेड़ा (कपासन) के प्रधानाचार्य भैरूलाल वीरवाल ने कहाकि समर्पण, निष्ठा एवं उत्कृष्टता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करते हुवे स्वामी विवेकानंद राजकीय विद्यालय कपासन को शिक्षा क्षैत्र में निरंतर नवीन ऊंचाइयों तक पहुंचाने हेतु शिक्षकगण सदैव प्रयासरत रहेंगे।

## नगर निगम में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया है राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी



फैडरेशन के प्रांतीय संगठन मंत्री हरनारायण माली ने बताया कि नगर निगम प्रांगण में महापौर राकेश पाठक द्वारा झंडारोहण किया गया, कार्यक्रम में महापौर पाठक ने सभी अधिकारी/ कर्मचारियों को शहर की जनता को और बेहतर सुविधा प्रदान करने का आह्वान किया। आयुक्त हेमाराम चौधरी ने नगर निगम को राजस्थान की सर्वश्रेष्ठ नगर निगम बनाने हेतु सभी को प्रयास करने का आह्वान किया ।कार्यक्रम में उप महापौर रामलाल योगी, पवन नुवाल,विजय लोढ़ा, राजेश मल्होत्रा पूजा गोयल, पुष्पेंद्र बैरागी सुरेश चंद्र कास्ट, आशीष लोढ़ा सहित निगम के अधिकारी / कर्मचारी एवं पार्षद उपस्थित रहे।

### सेवा, संकल्प और समर्पण का संगम बना पार्श्वनाथ अस्पताल

# गणतंत्र दिवस पर नवनिर्मित तीन वार्डों का लोकार्पण, भामाशाह खेतपालिया व विधायक रावत ने दिया सेवा का संदेश

बढ़ता राजस्थान





**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** ब्यावर उदयपुर रोड स्थित पार्श्वनाथ जैन हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, ब्यावर में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर सेवा और विकास का ऐतिहासिक क्षण साक्षी बना। अस्पताल परिसर में नवनिर्मित मेल, फीमेल एवं चाइल्ड वार्ड का शुभारंभ देश के ख्यातनाम भामाशाह समाजसेवी सुनील खेतपालिया एवं ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत द्वारा भगवान पार्श्वनाथ एवं महासाध्वी उमराव कंवर जी महाराज की जयघोष के बीच फीता काटकर किया गया इस अवसर पर संस्था के कार्याध्यक्ष तुलसी बोथरा एवं कोषाध्यक्ष मनीष कांकरिया ने बताया कि सीईओ विपिन छाजेड़ के कुशल नेतृत्व में गत एक वर्ष में अस्पताल निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह अस्पताल आमजन को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित है, जहाँ विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं समारोह के मुख्य अतिथि भामाशाह सुनील खेतपालिया ने भावुक शब्दों में कहा कि उनकी हार्दिक इच्छा है कि उनकी जन्मभूमि पर ऐसा सर्वसुविधायुक्त विशेषज्ञ अस्पताल विकसित हो, जहाँ नाममात्र शुल्क पर श्रेष्ठ इलाज उपलब्ध हो। उन्होंने अस्पताल के उन्नयन में सदैव तन-मन-धन से सहयोग देने का संकल्प दोहराया वहीं विधायक शंकर सिंह रावत ने अस्पताल की सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि यदि वे इस संस्थान के विकास में सहयोगी बन सकें तो वह दिन उनके जीवन का सबसे धन्य दिन होगा। उन्होंने प्रबंधन से आह्वान किया कि ऐसी चिकित्सा सुविधाएं विकसित हों, जिससे क्षेत्रवासियों को जयपुर, अहमदाबाद व दिल्ली जैसे शहरों की महंगी चिकित्सा से राहत मिल सके कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के विकास में योगदान देने वाले भामाशाहों व सहयोगियों का माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में ज्ञानचंद विनायकिया, गौतम विनायकिया, मनीष कांकरिया, संजय बोथरा, भंवरलाल ओस्तवाल, रतनसिंह मेहता, सुभाष ओस्तवाल, सुशील रांका, गौतम मकाणा, दिलीप श्रीश्रीमाल एवं भागचंद पीपाड़ा शामिल रहे। इसी दिन अस्पताल परिसर में गणतंत्र दिवस समारोह भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्था के कार्याध्यक्ष तुलसी बोथरा ने ध्वजारोहण किया, सामूहिक राष्ट्रगान के साथ देशभक्ति का वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में ट्रस्टीगण, अस्पताल प्रबंधन एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सच की साधना को सलामः निर्भीक पत्रकारिता का जिला स्तर पर हुआ सम्मान




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)** ।निष्पक्षता, निर्भीकता और जनहित के प्रति अटूट समर्पण की मिसाल बने वरिष्ठ पत्रकार अनिल सिखवाल को पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। यह गरिमामय समारोह पत्रकारिता के मूल्यों, सच और संवेदना के प्रति सम्मान का प्रतीक बना।समारोह में कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार), विधायक शंकर सिंह रावत, जिला कलेक्टर कमल राम मीना, अतिरिक्त कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट, एसडीएम दिव्यांश सिंह, पुलिस अधीक्षक रतन सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र शर्मा, एसीईओ गोपाल लाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे अतिथियों ने अपने उद्बोधन में अनिल सिखवाल की निष्पक्ष, जनहितैषी एवं जिम्मेदार पत्रकारिता की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि उनकी लेखनी समाज की आवाज बनकर लोकतंत्र को सशक्त करती रही है। यह सम्मान केवल एक पत्रकार का नहीं, बल्कि सच, साहस और संवेदनशील पत्रकारिता का सम्मान है इस अवसर पर मुकेश शर्मा (पत्रकार), महावीर नटराज (पत्रकार), राजेश शर्मा (पत्रकार), शंकर पन्नु (पत्रकार), श्याम सैनी (पत्रकार), दिलीप चौहान (पत्रकार) एवं हनुमंत पीपाड़ा (पत्रकार) सहित अन्य पत्रकारों को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए जिला स्तर पर सम्मानित किया गया।

## भाजपा जिला कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस, उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने किया ध्वजारोहण

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर सोमवार को 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास, राष्ट्रभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा रहे, जबकि समारोह की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने की। इस अवसर पर सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक उदयलाल भडाना, पूर्व सांसद सुभाष बहेडिया, महापौर राकेश पाठक एवं पूर्व विधायक वि_लशंकर अवस्थी का सान्निध्य रहा। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा एवं जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने तिरंगा फहराकर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान आकाश में तिरंगे रंग के गुब्बारे छोडक़र शांति, एकता और समृद्धि की कामना की गई। समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने कहा कि 26 जनवरी केवल एक तिथि नहीं, बल्कि भारत माता के स्वाभिमान और लोकतांत्रिक चेतना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भाजपा की पहचान सत्ता नहीं, सेवा है और अधिकार नहीं, कर्तव्य हमारी पहचान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जन-भागीदारी से लोकतंत्र को सशक्त किया जा रहा है। हमारी सरकारें फाइलों में नहीं, मैदानों में काम करती हैं और निर्णय जनता के बीच लिए जाते हैं। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने अपने स्वागत उद्बोधन में कार्यकर्ताओं से 'संविधान सर्वोपरि' की भावना को आत्मसात करने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मानव सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले रक्तवीरों का उपमुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों द्वारा दुपट्टा ओढ़ाकर व मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यालय परिसर में बनाई गई आकर्षक रंगोली विशेष आकर्षण का केंद्र रही। अंत में सभी को मिठाई वितरित कर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। समारोह का संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी, पार्षदगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस को उपखंड क्षैत्र कपासन के विभिन्न विद्यालयों में आकर्षक कार्यक्रमो के साथ मनाया

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। उपखंड क्षैत्र कपासन में 77वां गणतंत्र दिवस ध्वजारोहण सहित विविध कार्यक्रमो के साथ हर्षौल्लास एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया।जिसके तहत उपखंड मुख्यालय स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में विधायक अर्जुनलाल जीनगर,उपखंड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका,पुलिस उपाधीक्षक हरजीलाल यादव,नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी आदि क्षेत्रीय प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के सानिध्य में गणतंत्र दिवस पर उपखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमे क्षेत्रीय निजी एवं राजकीय विद्यालयों अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों आयोजित किये गये।साथ ही कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों एवं विभिन्न क्षैत्र की प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

इधर क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में स्थित राजकीय एवं निजी विद्यालयों में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षौल्लास एवं विविध कार्यक्रमो की प्रस्तुतियों के साथ मनाया गया।इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापकों सहित शिक्षकों द्वारा ध्वजारोहण किया गया।गणतंत्र दिवस को लेकर ग्रामीण विद्यार्थियो में उत्साह रहा।जिसके तहत अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया गया।

## जे के सीमेंट निंचाहेड़ा एवं मांगरोल में हर्षोल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** जे. के. सीमेंट संस्थान निंबाहेड़ा में यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल के मुख्य आतिथ्य में गणतंत्र दिवस के पर्व को हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण कर तिरंगे को सलामी दी गई। साथ ही सुरक्षा कर्मियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। तत्पश्चात वर्ष पर्यन्त उत्तम उपस्थिति दर्ज करने वाले कर्मचारियों और श्रमिक साथियों को सम्मानित किया गया तथा वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता में विजेताओ और उपविजेताओं को पारितोषिक प्रदान कर प्रेरित किया गया, साथ ही श्रेष्ठ सुरक्षा कर्मियों का भी सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि मनीष तोषनीवाल ने कहा कि आज ही के दिन भारत ने 1950 में भारतीय संविधान को अपनाया था, जो हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों और अधिकारों की नींव है। गणतंत्र दिवस का पर्व भारतीय नागरिकों की एकता, अखंडता और विविधता में एकता का प्रतीक है। यह हम सभी को हमारे संविधान के तहत मिली स्वतंत्रता और अधिकारों की महत्ता का अहसास कराता है। हमसब मिलकर अपने संविधान की गरिमा बनाए रखें और देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उक्त अवसर पर टेक्निकल हेड राजेश सोनी, एच आर एवं ई आर हेड प्रभाकर मिश्रा हेड, सिक्यूरिटी हेड दुष्यंत सिंह, क्वालिटी हेड धनंजय कुमार, प्रोसेस हेड नितिन नलावडे, मुकेश वासवानी, किशोर शर्मा, मोहम्मद करीम, सज्जन सिंह भाटी, जितेन्द्र सिंह शक्तावत, पुलकित गौर,सुमित कुमार शिवपाल सिंह,घीसा लाल स्वामी चैन सिंह अध्यक्ष (जे. के. सीमेंट श्रमिक संघ, निम्बाहेड़ा) राज सिंह महामंत्री (जे. के. सीमेंट श्रमिक संघ, निम्बाहेड़ा) सहित सैकड़ो कर्मचारी और श्रमिक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मोहित राव द्वारा किया गया। इसी प्रकार जे. के. सीमेंट के मांगरोल प्लांट में भी गणतंत्र दिवस मनाया गया जहां टेक्निकल हेड मुरली मनोहर लढ़ा द्वारा ध्वजारोहण कर परेड को सलामी एवं निरीक्षण किया गया। वर्ष भर उत्तम उपस्थिति दर्ज कराने वाले अधिकारियों और कमर्चारियों के सम्मान के साथ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजेता और उपविजेता रहने वाले खिलाडियों को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दीपक सोनी मैकेनिकल हेड,अनुज सिंह सिक्योरिटी हेड, मांगरोल प्लांट, सुरेंद्र जोशी क्वालिटी हेड, विकेश जैन इलेक्ट्रिकल हेड, जगन्नाथ अडक़ी पैकिंग प्लांट हेड,पंकज मणि मेडिकल ऑफिसर, भुवनेश सिंह वरिष्ठ प्रबंधक - एच. आर. विभाग संदीप चौधरी, राम रतन नायक एच. आर. विभाग शक्ति सिंह भाटी, राण सिंह, भारू सिंह सिक्योरिटी विभाग श्रमिक संघ अध्यक्ष सत्यनारायण मेनारिया एवं महामंत्री धर्मपुरी गोस्वामी सहित कई कर्मचारी और श्रमिक साथी उपस्थित रहे।

**राष्ट्र पर्व पर सेवा का महायज्ञ, 115 यूनिट रक्तदान से सजी मानवता की मिसाल**

# भारत विकास परिषद मुख्य शाखा ब्यावर का 64वां रक्तदान शिविर, थैलेसीमिया रोगियों, गर्भवती महिलाओं व दुर्घटनाग्रस्तों के लिए बनेगा जीवनदायी सहारा

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा ब्यावर के तत्वाधान में ब्रह्मलीन शुभम गर्ग सुपुत्र संजय गर्ग की पुण्यतिथि पर तथा राष्ट्र पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026, सोमवार को परिषद का 64वां विशाल रक्तदान शिविर स्थानीय माहेश्वरी भवन, श्रद्धानंद बाजार, ब्यावर में आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन स्वर्ण गंगा परिवार मेसर्स भजनलाल सुरेशचंद सर्राफ के सहयोग से किया गया। तिरंगे के रंगों से सजा माहेश्वरी भवन राष्ट्रभक्ति एवं सेवा भाव का सजीव प्रतीक बना। प्रकल्प प्रभारी राजेंद्र काबरा ने बताया कि प्रातः 9 बजे शाखा सचिव विकास गर्ग, श्री माहेश्वरी पंचायत बोर्ड ब्यावर के अध्यक्ष दिलीप कुमार जाजू एवं पदाधिकारियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा सामूहिक राष्ट्रगान के पश्चात प्रातः 10 बजे रक्तदान शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर में कुल 115 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान हुआ। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि डॉ. संजय गहलोत (सी.एम.एच.ओ.) एवं विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश तथा संजय गर्ग (समाजसेवी) रहे, जिनका श्रीफल, तिरंगा दुपट्टा एवं सम्मान पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। सचिव विकास गर्ग ने बताया कि शिविर में युवाओं एवं महिलाओं ने बढ़-चढक़र उत्साह के साथ रक्तदान किया। जसपाल सिंह हुडा ने 65वीं बार एवं नारायण हेडा ने 45वीं बार रक्तदान कर प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। अनेक युवाओं ने पहली बार तथा पांच दंपतियों ने जोड़े से रक्तदान किया। अध्यक्ष सतीश सर्राफ ने बताया कि शिविर की सफलता का श्रेय रक्तदाताओं को जाता है। शिविर में नगर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों डॉ. एस.एन. टेलर, डॉ. एम.एम. गोयल, समाजसेवी एवं उद्योगपति इंदर सिंह बागावास, अजय शर्मा, अमित बंसल, डॉ. राजीव जैन, उत्तम चंद भंडारी, रमेश भराडिया, डॉ. सुनील सोनी, मनीष दरक का तिरंगा दुपट्टा पहनाकर स्वागत-अभिनंदन किया गया। शिविर का कुशल संचालन राजेंद्र काबरा द्वारा किया गया। सभी रक्तदाताओं को सम्मान पत्र के साथ पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधा भेंट किया गया।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शासन सचिवालय में फहराया राष्ट्रध्वज

# राज्य सरकार कर्मचारी कल्याण के लिए प्रतिबद्ध, कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना कार्मिकों का दायित्व - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान के बाद हमें आजादी मिली और भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य बना। उन्होंने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा रचित हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार संविधान में निहित लोक कल्याण की भावना को धरातल पर उतार रही है और उनके मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने गरीब, किसान, महिला और युवा वर्ग के उत्थान एवं सशक्तीकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना कार्मिकों का दायित्व है और राज्य सरकार उनके हितों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

श्री शर्मा सोमवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ की ओर से शासन सचिवालय में 77वें गणतंत्र दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

1 लाख युवाओं को दी सरकारी नियुक्तियां, 1 लाख 54 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन-

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा देश और प्रदेश का भविष्य है, इसलिए राज्य सरकार उन्हें शिक्षण, प्रशिक्षण और रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध करा रही है। हमारी सरकार ने अब तक 1 लाख से अधिक सरकारी नियुक्तियां दी है, साथ ही 1 लाख 54 हजार से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के लिए भी एक लाख भर्तियों का कैलेंडर जारी किया जा चुका है। इस प्रकार हम भर्तियों के साढ़े तीन लाख के आंकड़े को पार कर चुके हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार 5 साल में 4 लाख सरकारी भर्तियों के लक्ष्य को हासिल करेगी।



# उपमुख्यमंत्री ने ली उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक, प्रदेश के विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त उच्च एवं तकनीकी शिक्षा हो सुनिश्चित - उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने मंगलवार को शासन सचिवालय में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को राज्य कि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। डॉ. बैरवा ने स्वामी विवेकानंद स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस योजना 2025-26 की प्रगति की समीक्षा करते हुए इस योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री ने विभाग की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित आवेदनों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आर्थिक कारणों से कोई भी विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। इस दौरान इन्होंने विभिन्न विभागीय बजट घोषणाओं की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न निर्माणकार्यों को तय समय सीमा में पूरा किया जाए ताकि विद्यार्थियों को शीघ्र सुविधा मिल सके।

अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा श्री कुलदीप रांका ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के युवाओं को विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी करने में सुविधा के लिए 268 महावविद्यालयों में वाचनालय शुरू किए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में महाविद्यालय भवनों का निर्माण करवाया जा रहा है। श्री रांका ने बताया कि बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त 47 राजकीय महाविद्यालयों के भवन निर्माण एवं रिपेयर कार्यों के लिए 29.13 करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं, भिनाय-अजमेर, रामगढ़-अलवर एवं डूंगरपुर में महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

बैठक में उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने विभागीय प्रक्रियाधीन भर्तियों की अद्यतन स्थिति, राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान तथा प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान , कालीबाई भील मेधावी व देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना सहित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## जयपुर में एम्बुलेंस पलटी, मरीज समेत 2 की मौत:चौमूं से हार्ट पेशेंट को लेकर मानसरोवर आ रही थी, 4 लोग गंभीर घायल

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** जयपुर में हार्ट पेशेंट को लेकर आ रही एम्बुलेंस पलट गई। हादसे में मरीज सहित दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एम्बुलेंस में सवार परिवार के लोग, ड्राइवर सहित नर्सिंगकर्मी 4 घायल हो गए। एम्बुलेंस कार्डियक मरीज को चौमूं के बराला हॉस्पिटल से मानसरोवर के एक प्राईवेट हॉस्पिटल लेकर जा रही थी।

घटना करधनी थाना क्षेत्र में निवारू रोड के पास अजमेर-दिल्ली एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार शाम 7 बजे की है। घायलों को परिवार के लोगों ने एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है।

हादसे की सूचना मिलते ही करधनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त एम्बुलेंस को सडक़ से हटवाकर यातायात सुचारु करवाया। एक्सीडेंट थाना वेस्ट पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है। दोनों शवों को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। सुबह परिजनों के आने के बाद पोस्टमॉर्टम होगा।

परिजन सहित कंपाउंडर, ड्राइवर हुए घायल

झुंझुनूं जिले के उदयपुरवाटी क्षेत्र के गुढ़ागौडज़ी?? निवासी कार्डियक पेशेंट सिराजुद्दीन (67) का चौमूं के बराला हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। हालत गंभीर होने पर परिजन सिराजुद्दीन को एम्बुलेंस से जयपुर में मानसरोवर के प्राइवेट हॉस्पिटल में लेकर आ रहे थे, तभी एनएच-48 पर निवारू रोड के पास शर्मा हॉस्पिटल के सामने तेज रफ्तार एम्बुलेंस बेकाबू होकर पलट गई।

हादसे में मरीज सिराजुद्दीन और उनके छोटे भाई फिरोज अली (50) की मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया।पुलिस ने बताया- एम्बुलेंस में मरीज सिराजुद्दीन के साथ कुल 7 लोग मौजूद थे। सिराजुद्दीन और उनके भाई फिरोज अली, आमीन, मेहराज, ड्राइवर प्रकाश, उसका साथी मजरू मोहन, नर्सिंगकर्मी वेद प्रकाश मौजूद थे। हादसे में सिराजुद्दीन और फिरोज अली की मौत हो गई। ड्राइवर प्रकाश, नर्सिंगकर्मी वेद प्रकाश को कमर में गंभीर चोट लगी है। घायलों को इलाज के लिए पहले निवारू रोड के पास अर्चना हॉस्पिटल के लिए ले जाया गया। बाद में घायलों को परिवार दूसरे हॉस्पिटल ले गए।

## 3 चोर गिरफ्तार, मोटरसाइकिलें और गैस सिलेंडर बरामद:नशे की लत के कारण करते थे चोरी; 6 पुलिसकर्मी सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जयपुर में पुलिस थाना मुरलीपुरा ने वाहन चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन शातिर मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों से चोरी की 3 मोटरसाइकिलें और 3 गैस सिलेंडर बरामद किए।

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने मुरलीपुरा थाना क्षेत्र के अलावा विश्वकर्मा और बिंदायका थाना क्षेत्र में भी चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। आरोपी नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की घटनाएं करते थे। यह कार्रवाई थानाधिकारी वीरेंद्र कुरिल के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर की गई।

सीसीटीवी फुटेज से खुलासा

थानाधिकारी वीरेंद्र कुरिल ने बताया- थाना मुरलीपुरा में दर्ज मामले में चोरी हुई मोटरसाइकिल की तलाश के दौरान पुलिस टीम ने लगातार गश्त, निगरानी और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच के बाद आरोपियों की पहचान की गई। मुखबीर की सूचना के आधार पर पुलिस ने आरओबी पुलिया, दादी का फाटक, मुरलीपुरा से तीन युवकों को डिटेन कर पूछताछ की।

## जयपुर में ज्वेलर की पत्नी के पीछे पड़े बदमाश:हथियार देखकर थाने में घुसी महिला, पुलिस को देखकर भाग निकले

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जयपुर में ज्वेलरी कारोबारी की पत्नी का पीछा करने का मामला सामने आया है। पीछ कर रहे बदमाशों के पास हथियार देखकर महिला बचने के लिए पुलिस स्टेशन में घुस गई। पुलिसकर्मियों के बाहर आने पर बदमाश फरार हो गए। अशोक नगर थाना पुलिस ने पीडि़त महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर हथियारबंद बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया- अशोक नगर थाने में ज्वेलरी कारोबारी की पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। आरोप है कि वह सोमवार शाम को किसी काम से घर से बाहर निकली थी। कुछ देर बाद उसको एहसास हुआ कि कुछ लडक़े पीछा कर रहे हैं। महिला जहां जा रही है लडक़े पीछा कर रहे हैं। पीछा करने वाले लडक़ों पर शक गहराने पर ध्यान से देखा। पीछा करने वाले बदमाशों के पास हथियार दिखाई दिए। हथियारबंद बदमाशों के पीछा करने का पता चलने पर महिला घबरा गई। वह बचने के लिए अशोक नगर थाने के अंदर जा घुसी। पीछा करते हुए बदमाश भी थाने के बाहर तक पहुंच गए।

## जूली बोले-बीजेपी को दलित नेता प्रतिपक्ष हजम नहीं हो रहा:विधानसभा में बोलने नहीं देते, मैं डरने वाला नहीं, मुझे कोई फर्क नहीं पडऩे वाला

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर, (का.स.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए विधानसभा को जानबूझकर बाधित करने का आरोप लगाया है। जूली ने कहा- पहली बार एक दलित प्रतिपक्ष का नेता बना है, इसको तो हजम करो। पूरी बीजेपी एक दलित नेता प्रतिपक्ष को हजम नहीं कर पा रही है। इनकी यह हालत है। ये तो प्लानिंग करते हैं कि टीकाराम जूली को किस तरह से कमजोर किया जाए, मेरे पीछे लगे रहते हैं। जूली ने कहा- अब तक बीजेपी ने ही सदन को बाधित किया है। सदन में ये चला कर हम लोगों को छेड़ते हैं और फिर सदन को बाधित करते हैं। किसी प्रकार की मीटिंग नहीं करते। विधानसभा में बड़े-बड़े मुद्दों का वार्ता से समाधान निकला है, पक्ष विपक्ष के बीच वार्ता से सब संभव है। पूछो ही मत, बात ही मत करने दो। इनका तो यही है कि नेता प्रतिपक्ष उठे तो बैठा दो, उसे सवाल मत पूछने दो। जूली सर्वदलीय बैठक के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। जूली ने कहा- मैं डरने वाला नहीं हूं, ये चाहे कितने ही हमले करें। चाहे कितने ही मेरे पीछे लगे। मुझे कोई फर्क नहीं पडऩे वाला है। मैंने तो संविधान की शपथ ली है कि विधानसभा के नियम परंपराओं के तहत संविधान के तहत राजस्थान की जनता की आवाज को यहां उठाऊंगा। सरकार से जवाब मांगूंगा और यह जवाब दें तो बहुत बढिया है, नहीं जवाब दें तो वही घोड़े वही मैदान हैं। जूली ने कहा- बीजेपी केवल पर्सेप्शन बनाने के लिए बेवजह आरोप लगाती है कि विपक्ष हंगामा करता है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

## प्रदेश के सबसे बड़े मेडिकल-कॉलेज में टीबी की जांच बंद:सरकार से किट नहीं मिलने के कारण एसएमएस में 3 महीने से नहीं हो रहे सीबी-नॉट टेस्ट

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** राजस्थान को टीबी-मुक्त बनाने का सरकारी सपना जमीनी हकीकत में दम तोड़ता हुआ नजर आ रहा है। हालात ऐसे हैं कि प्रदेश की सबसे अहम टीबी जांच सीबी-नॉट के बिना ही हेल्थ सिस्टम चल रहा है। किट की भारी कमी के चलते राज्य की सभी ग्राम पंचायतों को टीबी-मुक्त बनाने का अभियान लगभग ठप पड़ गया है।

चौकाने वाली बात यह है कि राजधानी जयपुर के सबसे बड़े सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में भी पिछले करीब 3 महीनों से यह जांच पूरी तरह बंद पड़ी है, जिससे सैकड़ों मरीज रोजाना इलाज के लिए भटकने को मजबूर हैं।

दरअसल, सरकार का हेल्थ डिपार्टमेंट प्रदेश में टीबी की प्रमुख जांच सीबी नॉट के लिए किट ही नहीं उपलब्ध करवा पा रहा है।

खांसी से परेशान मरीजों के लिए सीबी-नॉट की जांच जरूरी

मेडिकल कॉलेज के ही प्रोफेसर और कॉलेज से अटैच हॉस्पिटल (सवाई मानसिंह हॉस्पिटल, जे.के. लोन, सैटेलाइट बनीपार्क, कांवटिया, गणगौरी, सांगानेरी गेट महिला चिकित्सालय और जनाना हॉस्पिटल) के डॉक्टर्स ने बताया कि लंबे समय से खांसी से परेशान जितने भी मरीज आ रहे है, उनकी जांच के लिए सीबी-नॉट टेस्ट जरूरी है। डॉक्टर इस जांच को लिख तो रहे है, लेकिन मेडिकल कॉलेज में जब मरीज सैंपल लेकर पहुंच रहे है, तो उनको निराश लौटना पड़ रहा है। इस कारण कई मरीजों के इलाज में भी देरी हो रही है। क्योंकि 2-4 दिन चक्कर काटने के बाद मरीज को जांच निजी लैब से करवानी पड़ रही है।

### आसपास की हॉस्पिटलों में भी जांचे बंद

ये स्थिति एसएमएस मेडिकल कॉलेज ही नहीं, बल्कि जयपुर जिले के आसपास के सरकारी हॉस्पिटल (उप जिला, जिला हॉस्पिटल, सैटेलाइट) में भी यही हालात है। इन जगहों पर भी पिछले एक माह से किट नहीं होने के कारण जांचे बंद पड़ी है।

### लंबे समय से नहीं हो रही किट सप्लाई

स्टेट टीबी नोडल ऑफिसर डॉ. पुरुषोत्तम सोनी ने बताया कि लंबे समय से किट की सप्लाई नहीं हो रही है। दिल्ली में भी डिमांड भेज रखी है और राजस्थान मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन लि.को भी भेज रखी है। दोनों जगह टेंडर की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई, जिसके कारण सप्लाई नहीं आ रही।

### हर महीने की जाती है 40 हजार से ज्यादा जांचे

अगर रिपोर्ट देखें, तो राजस्थान के तमाम सरकारी हॉस्पिटलों में हर महीने करीब 40 हजार या कभी उससे ज्यादा मरीजों की टीबी की जांच की जाती है। लेकिन ये पिछले 2-3 महीने से बंद है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेल: badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।